RNI-MPHIN/2013/53761

दैनिक
राष्ट्रीय जनभावना

वर्ष-3, अंक-18
इन्दौर, बुधवार
14 अक्टूबर 2026
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.


माताजी का तीसरा दिन

चुप नहीं बैठेंगे,चाहे जितना वक्त लगे:राहुल अगली पराजय के लिए रहें तैयार : शाह

नई दिल्ली।

देशभर में एसआईआर के खिलाफ और मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्ष के जोरदार आंदोलनों के बाच पहली बार गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस व विपक्षी दलों पर जवाबी रणनीति का संकेत दिया और कहा- राहुल गांधी एसआईआर की आड़ में घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

दूसरी तरफ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के निवास पर इंडिया ब्लाक के नेता चाय पर जुटे और तय किया कि उनका आंदोलन धीमा नहीं पडेगा, राहुल ने कहा- चाहे जितना वक्त लगे लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा होने तक चुप नहीं बैठा जाएगा। करीब दो घंटे चली इस बैठक के बाद सभी नेता एक साथ बाहर आए और



मीडिया को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा हमारा मिशन है। इसमें जितना भी समय लगे, एक दिन, एक साल या दो साल, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। राहुल ने कहा कि विपक्ष लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल करने के लिए अंत तक संघर्ष करेगा। बैठक में सुप्रिया सुले, डी. राजा, तेजस्वी यादव, मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस सांसद के. सुरेश समेत कई नेता शामिल हुए। राहुल ने कहा कि सरकार ने तय कर लिया है कि जंतर-मंतर का इस्तेमाल लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने के लिए नहीं किया जा सकता। हम सरकार की इस सोच को चुनौती देंगे।

यह लड़ाई हमारे लिए नहीं, भारत के लोगों और उनके भविष्य के लिए है। कोई संस्था अपनी भूमिका निभाए या न निभाए, राजनीतिक विरोध जारी रहेगा, जनता का संघर्ष जारी रहेगा और अंत में उसकी जीत होगी। इस बैठक में मौजूद रही आईसा अध्यक्ष नेहा बोरा ने कहा- अगर भाजपा सोचती है कि वह लोकतंत्र की नींव पर हमला कर सकती है और जब लोग अपने वोटिंग अधिकारों की मांग के लिए सड़कों पर उतरें, तो उनका विरोध करने का अधिकार भी छीन लिया जाएगा और वे चुप रहेंगे, तो भाजपा गलतफहमी में है।

कांग्रेस को चौथी हार का सामना करना पड़ेगा

दूसरी तरफ अमित शाह ने कहा है कि एसआईआर प्रक्रिया 2024 के बाद शुरू हुई, जबकि राहुल गांधी के राजनीति में आने के बाद से ही कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है। अब वे 2029 में एक बार फिर करारी हार के लिए तैयार रहें। शाह ने कहा- 2029 के लोकसभा चुनाव में एनडीए बहुमत से जीत हासिल करेगा और कांग्रेस को लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा- गुजरात निकाय चुनावों में आम आदमी पार्टी ने सभी 32 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन हर सीट पर उसकी जमानत जब्त हो गई। कांग्रेस 41 साल से गुजरात में एक भी चुनाव नहीं जीती है। कांग्रेस ने आखिरी चुनाव 1985 में जीता था।

मोदी को 5 पेज की चिट्ठी, मुरुगन का मंत्री पद से इस्तीफा

नई दिल्ली। केंद्र की मोदी-कैबिनेट से भाजपा के वरिष्ठ नेता एल मुरुगन ने इस्तीफा दे दिया। राज्यमंत्री मुरुगन ने राज्यसभा की सदस्यता से भी त्यागपत्र दे दिया है। डेयरी मंत्रालय का काम देख रहे मुरुगन ने एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत माता और तमिलनाडु की सेवा करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। अब मैं जमीनी स्तर पर लौटना चाहता हूं, अपने कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा होना चाहता हूं और 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले तमिलनाडु में भाजपा को मजबूत करने के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित करना चाहता हूं।



ममता पर उनके घर के पास चाकू से हमला

कोलकाता।

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर उनके घर के पास मंगलवार शाम एक महिला ने चाकू से हमला किया। घटना शाम करीब 6 बजे की है, जब ममता अपने कालीघाट स्थित आवास के पास मिलन संघ दुर्गापूजा पंडाल का उद्घाटन करने जा रही थीं। ज़ख्मी की पूर्व राज्यसभा सांसद डोला सेन ने रूबरू दर्ज कराई है। हमलावर महिला का नाम तनिष्ठा साहा है। दावा किया गया कि महिला इलाके में सिविक वॉलंटियर थी। वह नशे की आदी है। सेन के मुताबिक, महिला गाली-गलौज कर रही थी और नशे की हालत में चाकू लेकर ममता की ओर बढ़ी।महिला ने कथित तौर पर खुद को ममता बनर्जी की भतीजी



बताया और उनके पास पहुंचने की कोशिश करते हुए सड़क पर लेटकर हंगामा किया।

डोला सेन ने कहा कि ममता बनर्जी को Y+ श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है। ऐसे में उनके आवास के पास किसी व्यक्ति का हथियार लेकर पहुंचना चिंता का विषय है। उन्होंने घटना के पीछे साजिश की आशंका भी जताई। पुलिस ने बताया कि महिला को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। घटना के वीडियो फुटेज की जांच की जा रही है। मौके पर मौजूद लोगों से भी पूछताछ की जाएगी।

बिहार: नाव डूबने से दस लोगों की मौत, 20 लोग थे सवार

वैशाली।

बिहार के वैशाली जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र के रामपुर श्यामचंद गांव में नाव डूबने से दस लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, सोमवार को करीब 20 युवक और बच्चे एक ही नाव पर सवार होकर भोज खाने जा रहे थे। इसी दौरान बीच धारा में नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। नाव पलटते ही उस पर सवार लोग गहरे पानी में डूबने लगे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने पर राघोपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जिले के वरीय अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। हादसे की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने एसडीआरएफ की टीम को



घटनास्थल के लिए रवाना किया। पुलिस और स्थानीय गोताखोरों की मदद से दस लोगों के शव पानी से बाहर निकाले जाने की जानकारी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है। मृतकों की पहचान की जा रही है। मृतकों में अधिकांश युवक और बच्चे बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में मातम पसरा है। जिला प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि राघोपुर दियारा क्षेत्र में नाव पलटने की दुर्भाग्यपूर्ण दुखद खबर प्राप्त हुई।

दिवाली तक यूपीआई पर नहीं लगेगा कोई एक्स्ट्रा चार्ज, सरकार ने टाला फैसला

नई दिल्ली।

यूपीआई पेमेंट पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट लागू करने का फैसला दिवाली तक टाल दिया गया है। इसे पहले 15 अक्टूबर से लागू किया जाना था। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने त्योहारी सीजन को देखते हुए इसे आगे बढ़ाने का फैसला लिया है। हालांकि, नई तारीख अभी घोषित नहीं की गई है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत कुछ दुकानदारों को 2,000 से अधिक के यूपीआई पेमेंट पर 0.4 प्रतिशत तक एमडीआर देना पड़ सकता है। आम लोगों के बीच होने वाले यूपीआई ट्रांजैक्शन पहले की तरह मुफ्त रहेंगे। इस फैसले का कारोबारियों और विपक्षी नेताओं ने विरोध किया था। छोटे व्यापारियों को राहत देने के लिए मासिक कलेक्शन के आधार पर भी



अलग-अलग नियम बताए गए हैं।

प्रस्तावित व्यवस्था के मुताबिक, जिन व्यापारियों का मासिक यूपीआई कलेक्शन 1 लाख से अधिक है, उन्हें 2,000 से बड़े प्रत्येक मर्चेंट ट्रांजैक्शन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर और उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी देना होगा। वहीं, जिन छोटे व्यापारियों का मासिक UPI कलेक्शन 1 लाख तक है, उन्हें इस शुल्क से छूट देने की बात कही गई है। बड़े व्यापारियों के लिए भी 2,000 तक के भुगतान पर कोई एमडीआर नहीं होगा। यह सीमा पूरे दिन की बिक्री के बजाय प्रत्येक अलग ट्रांजैक्शन के आधार पर तय होगी। 75,000 या उससे अधिक के भुगतान पर अधिकतम 300 एमडीआर और उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी की सीमा बताई गई है।

रेलवे, टेलीकॉम और फ्यूल पेमेंट के लिए अलग नियम

प्रस्तावित नियमों में कुछ खास क्षेत्रों के लिए अलग शुल्क का प्रावधान भी बताया गया है। रेलवे, टेलीकॉम, इंश्योरेंस और फ्यूल जैसे क्षेत्रों में 2,000 से अधिक के भुगतान पर प्रतिशत के बजाय प्रति ट्रांजैक्शन 5 का फ्लैट चार्ज लागू होने की जानकारी दी गई है। इसके अलावा, यदि कोई छोटा व्यापारी लगातार तीन महीने तक 1 लाख से अधिक का मासिक यूपीआई कलेक्शन करता है, तो उसे बड़े मर्चेंट की श्रेणी में स्थानांतरित किए जाने का प्रावधान बताया गया है। हालांकि, इन नियमों के लागू होने की तारीख अभी स्पष्ट नहीं है। एनसीपीआई ने इसे दिवाली के तुरंत बाद लागू करने की बात कही है।

सऊदी अरब में भारतीयों को सतर्क रहने का अलर्ट

रियाद। सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को भारतीय नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी की। यह एयरवाइजरी तब जारी की गई जब सऊदी शहरों को लिए भारतीय एयरलाइंस की सेवाएं 17 अक्टूबर तक सस्पेंड होने के कारण उड़ानों में रुकावट आई है। रियाद में भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों को शांत और सतर्क रहने, हवाई हमलों की स्थिति में घर के अंदर रहने और आधिकारिक चैनलों के माध्यम से स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने की सलाह दी। दूतावास ने भारतीयों से चल रही घटनाओं से संबंधित वीडियो या समाचार फैलाने या रीपोस्ट करने से बचने का आग्रह भी किया। दूतावास में बताया कि एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने 17 अक्तूबर तक रियाद, दम्मम और जेद्दा के लिए उड़ाने सस्पेंड कर दी हैं।

गुजरात में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा ने किया शानदार प्रदर्शन

गांधीनगर

गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों के मंगलवार को घोषित नतीजों में भाजपा ने एक बार फिर अपना दबदबा साबित किया है। गांधीनगर नगर निगम के साथ-साथ अन्य स्थानीय निकायों में भी पार्टी ने शानदार जीत हासिल करते हुए अपनी सत्ता को बरकरार रखा है। राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार गांधीनगर में 59.25 फीसदी मतदान हुआ था, जबकि अन्य निकायों में भी मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। गांधीनगर निगम की कुल 44 सीटों के लिए हुए चुनावों में भाजपा ने 38 सीटों पर भारी बहुमत के साथ जीत दर्ज की है। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच था। नतीजों के अनुसार कांग्रेस पार्टी को केवल पांच सीटें मिल सकीं, जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत हासिल की।



वहीं आम आदमी पार्टी (आप) इस चुनाव में अपना खाता खोलने में असफल रही। गांधीनगर के अलावा अन्य स्थानीय निकायों में भी भाजपा का दबदबा देखने को मिला है। बनासकांठा जिले की थारा नगरपालिका की 24 सीटों में से भाजपा ने 19 सीटों पर जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस को 5 सीटें मिलीं।

सौरव दास और आशुतोष रंका को पुलिस ने हिरासत में लिया

नई दिल्ली।

केंद्र सरकार की ओर से जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल के रूप में अधिसूचित दर्जे से हटाए जाने के एक दिन बाद बुधवार सुबह वहां विरोध प्रदर्शन हुआ। कांकेह्शुद्ध जनता पार्टी के नेता आशुतोष रंका और सौरव दास के नेतृत्व में पार्टी के कुछ कार्यकर्ता जंतर-मंतर पहुंचे। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके के मुताबिक, प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने दोनों नेताओं और अन्य कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके ने सोशल मीडिया पर प्रदर्शन का एक वीडियो साझा किया।



वीडियो में पार्टी के कुछ कार्यकर्ता हाथों में झंडे लेकर लोहे के गेट और पुलिस बैरिकेड को पार करते हुए जंतर-मंतर परिसर में प्रवेश करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते भी नजर आते हैं। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच कुछ देर तक खींचतान जैसी स्थिति बनी। बाद में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर वहां से हटाया।

मशहूर अभिनेता मिट्टे ने आत्महत्या की


न्यूयार्क। मशहूर अमेरिकी टीवी सीरीज ब्रेकिंग बैड में वॉल्टर व्हाइट के बेटे यानी व्हाइट जूनियर का किरदार निभाने वाले एक्टर आरजे मिट्टे का 34 साल की उम्र में निधन हो गया। अमेरिकी एंटरटेनमेंट वेबसाइट टीएमजेड ने आरजे मिट्टे के प्रतिनिधि के हवाले से बताया कि एक्टर ने टेक्सास में आत्महत्या कर ली है। ब्रेकिंग बैड के अलावा मिट्टे ने द ओक रूम, ट्रायम्फ, द गार्डियंस ऑफ जस्टिस और द अनसीन जैसी फिल्मों और सीरीज में काम किया। 2019 में आई फिल्म स्टैंडिंग अप फॉर सनी में उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई थी।



मप्र में चक्रवात के चलते दो दिन बारिश के आसार

भोपाल।

मध्यप्रदेश में मानसून को लौटे दो सप्ताह हो गये हैं लेकिन 15 और 16 अक्टूबर को बारिश का एक दौर लौटने के आसार हैं। इस दौरान आंधी, गरज-चमक और बारिश की संभावना है। इसका सीधा असर ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के 9 जिलों में देखने को मिलेगा। मौसम केंद्र के मुताबिक- ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में बारिश का अनुमान है। जबकि भोपाल और इंदौर में रात में ठंडक बनी रहेगी, उज्जैन, जबलपुर समेत



अन्य शहरों में भी ऐसा ही मौसम रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, कल साइक्लोनिक सकुलेशन (चक्रवात) का असर खत्म हो गया, लेकिन अब नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है। उत्तरी हिस्से में एक पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) और नए चक्रवात की वजह से प्रदेश में असर देखने को मिलेगा।

96 फीसद मुस्लिम आबादी वाले अजरबैजान में हिजाब पर रोक

बाकू। मुस्लिम बहुल देश अजरबैजान में स्कूलों में हिजाब को लेकर एक फैसले के बाद विवाद शुरू हो गया है। सरकार ने स्कूलों के ड्रेस कोड में बदलाव करते हुए ऐसे कपड़े पहनने पर रोक लगाई है, जिन्हें सरकार धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ मानती है। इसके बाद हिजाब पहनकर स्कूल पहुंचीं कुछ छात्राओं और शिक्षकों को कक्षाओं में जाने से रोक दिया गया। फैसले के विरोध में छात्राओं ने कक्षाओं का बहिष्कार किया और प्रदर्शन शुरू हो गए हैं।

केन-बेतवा लिंक परियोजना: हाईकोर्ट ने केंद्र और मध्य प्रदेश सरकार से मांगा जवाब

नई दिल्ली/भोपाल।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने केन-बेतवा लिंक परियोजना के पर्यावरणीय प्रभावों से जुड़ी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और राज्य सरकार को अपना जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता अधिवक्ता अरिहंत तिवारी भी उपस्थित रहे। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश अल्पेश यशवंत कोगजे और न्यायाधीश विवेक जैन की खंडपीठ कर रही है। अदालत ने केंद्र सरकार को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी की रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त पीठ ने रिपोर्ट में दर्शाई गई कथित अनियमितताओं, सर्वोच्च न्यायालय में चल रही कार्यवाही की वर्तमान स्थिति और उन पर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी है।

अदालत में दायर याचिका में दावा किया गया है कि केन-बेतवा लिंक परियोजना के कारण पन्ना टाइगर रिजर्व का आधा से अधिक हिस्सा डूब क्षेत्र में आ जाएगा। याचिकाकर्ता ने वन सलाहकार समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए लगभग 60 लाख पेड़ों की कटाई होने का अनुमान व्यक्त किया है। परियोजना के कारण होने वाले भारी जलभराव से बाघ, तेंदुआ और गिद्ध समेत अनेक वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास नष्ट हो सकते हैं तथा उनके आवागमन के पारंपरिक गलियारे बाधित हो

दो हफ्ते का दिया समय



सकते हैं। याचिका में केन घड़ियाल अभयारण्य पर पड़ने वाले संभावित बुरे प्रभावों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया है। रियों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रत्येक आवेदक से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को गंभीरता से समझा तथा संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पात्र नागरिकों को शासन की योजनाओं एवं प्रावधानों के अनुसार आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने पर भी विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर वर्मा के निर्देशानुसार अधिकारियों ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का संवेदनशीलता के साथ परीक्षण करते हुए नियमानुसार शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया । आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और नागरिकों को राहत पहुंचाने के लिए विभागीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की गई जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित 300 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर कलेक्टर वर्मा के निर्देशन में संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में कई आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मुख्य रूप में प्लॉट, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, चिकित्सा सहायता और रोजगार से जुड़े प्रकरण रहे। जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार सहित अन्य सभी विभागीय अधिकारियों ने जनसुनवाई में भाग लेकर नागरिकों की समस्याओं को सहानुभूति के साथ सुना और उनका निराकरण किया।

संपादकीय

13 करोड़ मतदाताओं की नाराजगी: एसआईआर पर अग्निपरीक्षा

मतदाता सूची से नाम हटाने का विवाद अब केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि नागरिक अधिकारों, लोकतांत्रिक विश्वास और संवैधानिक संस्थाओं की जवाबदेही का बड़ा सवाल बन गया है। केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा लगभग 30 राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची में नामों को लेकर विवाद तेज हो गया है। दावा किया जा रहा है, अब तक 13 करोड़ 37 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। इससे इसकी गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि, हटाए गए नामों में मृत, स्थानांतरित, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं और पात्र नागरिकों की अलग-अलग संख्या और उसकी सूची को सार्वजनिक होना चाहिए था, जो चुनाव आयोग ने नहीं किया। लोकतंत्र में पारदर्शिता भी आवश्यक है। बिहार, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना, दिल्ली और आंध्र प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में दस्तावेजों की अनिवार्यता को लेकर लोगों की परेशानियों और विरोध के आरोप सामने आए हैं। महाराष्ट्र में 2 करोड़ 6 लाख, कर्नाटक में एक करोड़ 7 लाख, तेलंगाना में 73 लाख 39 हजार, दिल्ली में 47 लाख 56 हजार तथा आंध्र प्रदेश में 44 लाख 89 हजार मतदाताओं के नाम हटा दिए गए। इसमें गरीब मजदूरों, प्रवासी परिवारों और कमजोर तबकों के लिए रोजी-रोटी छोड़कर दस्तावेज जुटाना तथा अपना नाम जुड़वाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाना आसान नहीं है। दिल्ली में जब बड़े-बड़े लोगों के नाम भी कट गए उसके बाद चुनाव आयोग ने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं के नाम जोड़ेंगे। अब उन्हें दस्तावेज देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यदि किसी धर्म विशेष के नागरिकों के चुनिंदा तरीके से नाम काटे गए हैं तो उनके भी नाम जोड़े जाएंगे। मतदाता सूची की शुद्धता के नाम पर किसी भी पात्र नागरिक के साथ भेदभाव स्वीकार नहीं किया जा सकता है। चुनाव आयोग द्वारा भारी विरोध होने के बाद विशेष अभियान चलाने की बात कही जा रही है। सवाल है, कि पहले नाम हटाने की नौबत ही क्यों आई? नागरिकों को अपना मताधिकार बचाने के लिए इतनी मशक्कत क्यों करनी पड़ रही है? सुधार की प्रक्रिया ऐसी होनी चाहिए, जिसमें गलत नाम हटें, लेकिन पात्र मतदाता का अधिकार सुरक्षित रहे। संविधान के मौलिक अधिकार कायम रहें।

कंप्यूटर के हवाले मताधिकार कैसे?: मतदाता सूची का पुनरीक्षण कानून के अनुसार होना चाहिए। किसी मतदाता का नाम हटाने की प्रक्रिया में लागू नियमों के मुताबिक नोटिस, जवाब और सुनवाई का अवसर महत्वपूर्ण है। तकनीकी प्रणाली प्रशासनिक काम को तेज कर सकती है, वह कानूनी जवाबदेही का विकल्प नहीं बन सकती है। यदि निर्वाचन अधिकारियों को पोर्टल पर काम करने में कठिनाई हुई या निर्णय लेने की प्रक्रिया स्वचालित प्रणाली पर निर्भर हो गई, तो इसकी जांच व्यापक स्तर पर होनी चाहिए। नागरिकता की जांच और मतदाता सूची का पुनरीक्षण अलग-अलग कानूनी प्रश्न हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर और फॉर्म-6 को लेकर हुई कार्यवाही तथा आदेशों का विवरण जनता के सामने आना चाहिए। चुनाव आयोग को स्पष्ट करना होगा, उसकी कार्रवाई किस कानूनी प्रावधान के तहत की जा रही है। प्रभावित नागरिकों के पास शिकायत तथा अपील के क्या रास्ते हैं। विपक्ष को मिला बड़ा राजनीतिक मुद्दा: दिल्ली में राहुल गांधी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग से जुड़े प्रदर्शन की खबरों ने इस विवाद को राजनीतिक बहस के केंद्र में ला दिया है। इंडिया गठबंधन के राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दल अपने-अपने राज्यों में इस मुद्दे को जनता के बीच तक ले जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के वकीलों के विरोध की खबरें भी संस्थागत जवाबदेही की बहस को आगे बढ़ा रही हैं। सरकार और भाजपा के लिए यह केवल विपक्ष के आरोपों का जवाब देने का मामला नहीं है। चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर जनता का विश्वास बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। आयोग की ओर से किसी भी राजनीतिक दबाव से स्वतंत्र होकर पारदर्शी कार्रवाई होना लोकतंत्र की बुनियादी जरूरत है। देरी हुई तो संकट गहरा सकता है: पश्चिम बंगाल और बिहार में मतदाता सूची से नाम हटने के कारण राशन तथा अन्य सरकारी सुविधाएं बंद होने के आरोपों की भी जांच होनी चाहिए। मतदाता सूची में नाम और सरकारी योजनाओं की पात्रता अलग-अलग विषय हैं।

किसी नागरिक को केवल मतदाता सूची में नाम न होने के कारण दूसरी सुविधा से वंचित किया गया है, तो संबंधित नियमों और आदेशों की पड़ताल जरूरी है। सरकार और चुनाव आयोग को तत्काल राज्यवार आंकड़े सार्वजनिक करने चाहिए। हटाए गए नामों का कारण, नए मतदाताओं के लंबित आवेदन, बहाली की स्थिति और शिकायतों के निपटारे की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। विशेष शिविर लगें और पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने की समयबद्ध व्यवस्था बने। जनता का आक्रोश जब संस्थागत रास्तों से समाधान नहीं पाता, तब असंतोष बढ़ने का खतरा रहता है। भीड़ का अनियंत्रित होना किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए नया संकट है। इसलिए सरकार, चुनाव आयोग और न्यायपालिका को नागरिकों की शिकायतें सुनने तथा कानूनसम्मत समाधान सुनिश्चित करने में देरी नहीं करनी चाहिए। मताधिकार लोकतंत्र की आत्मा है। उसे सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग, सरकार और न्यायपालिका, तीनों की है। जनता का विश्वास आदेशों से नहीं, निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही से अर्जित होता है।

राज काज

उपचुनाव का संदेश, और चुनाव आयोग?

पश्चिम बंगाल की दो विधानसभा सीटों का चुनाव परिणाम आ गया है. इस उपचुनाव में भाजपा को भारी वोटों से जीत मिली है। वह भी ऐसे समय पर जब सारा देश एसआईआर, मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव के अधिकार पश्चिम बंगाल के रिटर्निंग अधिकारियों से छीनकर चुनाव आयोग के एक कमरे से संचालित हो रहे हैं. सारा देश मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा मांग रहा है. नंदीग्राम सीट के चुनाव में किस तरह की गड़बड़ी की गई है। इसकी याचिका हाईकोर्ट में लंबित है. ऐसी स्थिति में चुनाव तो भाजपा को ही जीतना था. भाजपा और ज्ञानेश कुमार का अधिक दोनों सीटों से ऊंचा हुआ था। चुनाव परिणाम ने किसी को आश्चर्य में नहीं डाला। पहले ही कहा जा रहा था, उपचुनाव में दोनों सीटें भाजपा के खाते में जाएंगी। वह भी भारी मतों के साथ। अब चुनाव परिणाम आ गया है. लोगों को विश्वास हो गया है, जो परिणाम चुनाव आयोग देना चाहता था, वही परिणाम आये हैं. इससे आरोपों की ही पुष्टि हुई है।

पश्चिम बंगाल के मुसलमान भाजपा के पक्ष में

पश्चिम बंगाल की दो विधानसभा सीटों के उपचुनाव हुए हैं. मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार भारी मतों से जीते हैं. इस चुनाव परिणाम से सारे देश में यह संदेश गया है. पश्चिम बंगाल की मुस्लिम जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया है. देश की हवा बदल रही है. अब मुसलमान भी भाजपा को बड़ी संख्या में वोट दे रहे हैं. जिस तरह से मुसलमानों के वोट भाजपा के पक्ष में गए हैं. उसको लेकर सभी को आश्चर्य हो रहा है. ऐसा हुआ, तो कैसे हुआ. मुसलमान कुर्बानी देने के लिए खुद अपना सर आगे करेंगे। यह चमत्कार है।

जंतर-मंतर का घटनाक्रम : जेन-ज़ी के उभार से कहीं अधिक



प्रो. प्रदीप माथुर

युवाओं में क्रांतिकारी उत्साह का अचानक फूट पड़ना सत्तारूढ़ प्रतिष्ठान और विपक्ष, दोनों के लिए अप्रत्याशित रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनमत निर्माता होने का दावा करने वाले बुद्धिजीवियों के पास भी इस घटनाक्रम की उत्पत्ति का कोई ठोस जवाब दिखाई नहीं देता। इस पर किसी गंभीर मनो-सामाजिक अध्ययन के अभाव में इसे सुविधानुसार एक प्रचलित शब्द–'जेन-जी'–से जोड़कर देखा जा रहा है। लेकिन जेन-जी तो पहले भी मौजूद थी। असली सवाल यह है कि यह आक्रोश अब क्यों फूटा है?

जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन को करीब से देखने वाले समझते हैं कि केवल किसी एक शब्द के इस्तेमाल या किसी छिटपुट घटना से इतना व्यापक, तीव्र और टिकाऊ जनांदोलन खड़ा नहीं हो सकता। इसके पीछे निश्चित रूप से कुछ गहरे कारण हैं। महँगाई, बेरोजगारी और परीक्षाओं में अनियमितताओं ने इस आक्रोश को हवा दी है, लेकिन इनमें से कोई समस्या नई नहीं है। ये वर्षों से मौजूद हैं। फिर अचानक इनमें इतनी विस्फोटक शक्ति कहाँ से आ गई?

इस आंदोलन के पीछे कुछ और भी है, जिसने इसे स्वतंत्र भारत में देखे गए अनेक जनांदोलनों की तुलना में व्यापकता, तीव्रता और टिकाऊपन के मामले में आगे ला खड़ा किया है। यहाँ तक कि अत्यंत सम्मानित जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में 1974-75 में चला आंदोलन भी वैसा स्वरूप और गति हासिल नहीं कर पाया, जैसी जंतर-



मंतर के आंदोलन ने अब तक प्रदर्शित की है। जंतर-मंतर के आंदोलन को जेन-जी का स्वतःस्फूर्त आक्रोश मानकर खारिज नहीं किया जाना चाहिए। इसे आदर्शवाद, सामाजिक चेतना और समतामूलक आकांक्षाओं के गहरे पुनर्जागरण के रूप में समझने की जरूरत है। इसमें कोई संदेह नहीं कि व्यवस्था में व्याप्त ठहराव और निराशा ने इस आंदोलन को जन्म दिया है। लेकिन यह ठहराव केवल आर्थिक या भौतिक नहीं है; यह वैचारिक भी है।

इस बात का एहसास मुझे अपने परिवार की एक घटना से हुआ। 1990 के दशक के आरंभ में मेरा एक चचेरा भाई, जो मुझसे लगभग 25 वर्ष छोटा था, बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान फैले मुस्लिम-विरोधी प्रचार से प्रभावित होकर अपने मुस्लिम-विरोधी विचार व्यक्त करने लगा। मैंने उसका विरोध किया और उसे याद दिलाया कि हमारा पारिवारिक संस्कार धर्मनिरपेक्षता का रहा है। हमारे वकील दादा के मुंशी एक मुसलमान थे, जिनका पूरा परिवार बड़े-बुजुर्ग की तरह सम्मान करता था। वे भी हम सबको अपने बच्चों की तरह मानते थे। मेरी बात सुनकर मेरा चचेरा भाई आहत हुआ और चुप हो गया, लेकिन वह अपनी सोच बदलने को तैयार नहीं था। मैं सोचने लगा कि एक अत्यंत शिक्षित, धर्मनिरपेक्ष और प्रगतिशील परिवार का युवक सांप्रदायिक मानसिकता कैसे अपना सकता है। इस सवाल ने मुझे अपनी युवावस्था की ओर लौटकर देखने के लिए प्रेरित किया। मेरी पारिवारिक पृष्ठभूमि भी लगभग ऐसी ही थी। मैंने उस दौर में आँखें खोली थीं, जब विभाजन की हिंसा की स्मृतियाँ ताजा थीं और सांप्रदायिक अत्याचारों की कहानियाँ आम थीं।

लेकिन मेरी सोच को दिशा देने वाली कोई दूसरी शक्ति थी। करियर बनाने की इच्छा के साथ-साथ मैं समानता, न्याय और निष्पक्षता पर आधारित समतामूलक समाज की मार्क्सवादी अवधारणाओं से गहराई से प्रभावित था। समाजवाद मेरे लिए मार्गदर्शक विचार बन गया। निस्संदेह, वह एक सपना था, बल्कि कहें तो आदर्शलोक की कल्पना; लेकिन वह ऐसा प्रेरणादायी सपना था, जिसने युवाओं को अपने निजी हितों से ऊपर उठकर किसी बड़े उद्देश्य में विश्वास करने और उसके लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी। जब मेरे चचेरे भाई की पीढ़ी युवावस्था में पहुँची, तब तक वह सपना सार्वजनिक विमर्श से लगभग गायब हो चुका था। उसकी जगह दूसरे विचार ने पहचान और उद्देश्य का विकल्प प्रस्तुत किया। मेरे भाई के लिए हिंदुत्व ही मार्गदर्शक विचार बन गया, हालाँकि इसके आकर्षण के साथ मुसलमानों के प्रति शत्रुता और भारत में मुस्लिम शासन को लेकर एक काल्पनिक शिकायत भी जुड़ी हुई थी। यह सब अक्सर इतिहास की सार्थक समझ के बिना हो रहा था।

सुविचार

यदि आप वही करते हैं, जो आप हमेशा से करते आये हैं तो आपको वही मिलेगा, जो हमेशा से मिलता आया है।

-टोनी रॉबिंस

एक चीज मैंने देखी है जब आप प्यार करते हैं दर्द की सीमा तक तो वो दर्द नहीं रहता बस प्यार बढ़ता जाता है।

-मदर टेरेसा

प्रसंगत

सबसे बड़ी कला

बहुत पुरानी कथा है। किसी गांव में एक बड़ा ही होशियार लड़का रहता था। वह नई-नई चीजें सीखने में लगा रहता था। उसने एक तीर बनाने वाले से तीर बनाना सीखा, नाव बनाने वाले से नाव बनाने की कला सीखी। मूर्तिकार से मूर्तिकला की जानकारी हासिल की। इस तरह धीरे-धीरे वह एक के बाद एक बहुत सी कलाएं सीख गया। लेकिन उसे इस बात का अहंकार हो गया। वह हमेशा सबसे कहता फिरता, 'मेरे बराबर दुनिया में कोई गुणवान नहीं है।' संयोग से उन्हीं दिनों गौतम बुद्ध घूमते हुए वहां आ पहुंचे। उन्हें जब उस लड़के के बारे में पता चला तो वह भिक्षापात्र लेकर उसके पास पहुंच गए। लड़के ने उन्हें देखकर पूछा, 'आप कौन हैं?' बुद्ध ने उत्तर दिया, 'मैं अपने शरीर को काबू में रखने वाला एक आदमी हूं।' लड़का उनकी बात समझ नहीं पाया और बोला, 'मैं आपकी बात का मतलब नहीं समझा। कृपा करके विस्तारपूर्वक समझाएं।' इस पर बुद्ध ने कहा, 'देखो, जो तीर चलाना जानता है, वह तीर चलाता है, जो नाव चलाना जानता है, वह नाव चलाता है और जो मूर्ति बनाना जानता है वह मूर्ति बनाता है। लेकिन जो ज्ञानी है, वह अपने ऊपर शासन करता है।' लड़के ने पूछा 'वह कैसे?' बुद्ध ने जवाब दिया, 'अगर कोई उसकी प्रशंसा करता है तो उसका मन चंचल नहीं होता। अगर कोई उसकी निंदा करता है तो भी वह शांत रहता है। ऐसा आदमी हमेशा सुखी रहता है। यह सबसे बड़ी कला है।' लड़का उनका आशय समझ गया। उसने वचन दिया कि वह अपने भीतर से अपना अहंकार निकाल बाहर करेगा।

ई-कचरा : आधुनिक युग की एक गंभीर पर्यावरणीय चुनौती ?

सुनील कुमार महला

आज विज्ञान और तकनीक का युग है। विज्ञान और तकनीक के इस दौर में मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, टेलीविजन, चार्जर, बैटरी, प्रिंटर और अन्य विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुके हैं। लेकिन जब ये उपकरण पुराने हो जाते हैं या काम करना बंद कर देते हैं, तो इनसे ई-कचरा पैदा होता है। गौरतलब है कि खराब मोबाइल फोन के अलावा पुराने ईयरफोन, यूएसबी केबल, रिमोट, खिलौने, छोटे पंखे और बिजली से चलने वाले अन्य उपकरण भी ई-कचरे में शामिल हैं। आज धरती पर ई-कचरे की मात्रा लगातार बढ़ रही है और यह पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी समस्या बन गया है। कहना गलत नहीं होगा कि यदि इन उपकरणों का समय पर सही तरीके से निपटान नहीं किया जाए, तो ये मिट्टी, पानी, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकते हैं। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि पुराने और बेकार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के सुरक्षित निपटान, पुनर्चक्रण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 14 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय ई-कचरा दिवस मनाया जाता है। वास्तव में, इस दिवस को मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि पुराने मोबाइल, छोटे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, केबल और बैटरी को सामान्य कूड़े में फेंकने के बजाय उचित संग्रह केंद्रों तक पहुँचाना चाहिए, ताकि उनका सुरक्षित पुनर्चक्रण किया जा सके। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2018 में हुई थी।

इसकी शुरुआत अपशिष्ट विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फोरम ने की थी। वास्तव में, यह एक अंतरराष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन है, जो विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक कचरे के उचित प्रबंधन और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इस संगठन की स्थापना वर्ष 2002 में बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स में हुई थी। हाल फिलहाल, इसमें कोई संदेह या दोराय नहीं है कि विज्ञान और तकनीक ने हमारे जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाया है, लेकिन इनसे जुड़े उपकरणों का गलत तरीके से निपटान पर्यावरण के लिए गंभीर समस्या बन सकता है। इलेक्ट्रॉनिक कचरे में सीसा और पारा जैसे हानिकारक पदार्थ हो सकते हैं, जो मिट्टी और पानी को दूषित कर सकते हैं। दूसरी ओर, इसी कचरे में सोना, तांबा और एल्युमीनियम जैसी कीमती धातुएँ तथा कई उपयोगी पदार्थ भी पाए जाते हैं, लेकिन इन पदार्थों को पुनर्चक्रण के माध्यम से दोबारा प्राप्त किया जा सकता है। इससे जहां एक ओर प्राकृतिक संसाधनों की बचत होती है, वहीं पर नए कच्चे माल (रॉ-मैटिरियल) की आवश्यकता कम होती है। ई-कचरे को खुले में जलाने या असुरक्षित तरीके से तोड़ने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचता है। इसलिए देश के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह पुराने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को अधिकृत संग्रह केंद्रों या पंजीकृत पुनर्चक्रणकर्ताओं तक पहुँचाए और मनुष्यों, अन्य जीवों तथा प्रकृति के स्वास्थ्य की रक्षा में योगदान दे। संयुक्त राष्ट्र की ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर रिपोर्ट-2024 के अनुसार, वर्ष 2022 में दुनिया भर में लगभग 62 मिलियन टन यानी 6.2 करोड़ टन ई-कचरा उत्पन्न हुआ। वैश्विक स्तर पर प्रति व्यक्ति औसतन 7.8 किलोग्राम ई-कचरा पैदा हुआ। चिंताजनक बात यह है कि कुल ई-कचरे में से केवल 22.3 प्रतिशत का ही औपचारिक रूप से संग्रह और पुनर्चक्रण किया गया। शेष लगभग 77.7 प्रतिशत ई-कचरे का उचित प्रबंधन नहीं हो सका और उसका बड़ा हिस्सा अनौपचारिक क्षेत्रों या कचरा भराव स्थलों तक पहुँच गया। इतना ही नहीं, आज हमारा देश भारत भी ई-कचरे की समस्या से गंभीर रूप से प्रभावित है।

जरा हटके

खगोलविदों ने लगाया हैरान करने वाली ग्रह प्रणाली का पता

खगोल वैज्ञानिकों ने अब धरती से करीब 790 प्रकाश वर्ष दूर एक ऐसी हैरान करने वाली ग्रह प्रणाली का पता लगाया है, जिसने तारों और ग्रहों के निर्माण को लेकर पुरानी धारणाओं को चुनौती दी है। वैज्ञानिकों ने एचएस 0209+0832 नाम के एक सफेद बौने तारे के आसपास जुपिटर के आकार का गैस दानव पाया गया है। यह ग्रह उस मलबे से बना हो सकता है, जो तारे के अपने जीवन के अंतिम चरण में बाहर निकला था। यानी यह किसी पुराने ग्रह का बचा हुआ हिस्सा नहीं, बल्कि तारे की मृत्यु के बाद बनी एक नई दुनिया हो सकती है। यह खोज इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि किसी सफेद बौने के आसपास दूसरी पीढ़ी का ग्रह मिलने का यह पहला संभावित मामला बताया जा रहा है। आम तौर पर माना जाता है कि जब कोई तारा अपने जीवन के अंतिम चरण में पहुंचता है तो उसकी बाहरी परतें अंतरिक्ष में फैल जाती हैं और उसके आसपास मौजूद ग्रहों की व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित होती है। इसके बाद तारे के केंद्र में एक बेहद घना सफेद बौना बचता है। इस सिस्टम में नासा के ट्रांजिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट यानी टीईएसएस ने सफेद बौने की रोशनी में हर 4.4 दिन में होने वाली हल्की गिरावट दर्ज की। आगे के विश्लेषण से पता चला कि वहां जुपिटर के आकार का गैस ग्रह मौजूद है। यह ग्रह अपने मृत तारे के बेहद करीब परिक्रमा कर रहा है। वैज्ञानिकों को इस खोज में ग्रह के रासायनिक संकेतों ने भी चौंकाया। सफेद बौने के वातावरण में तांबा और जस्ता जैसे भारी तत्वों के संकेत मिले। इसके अलावा नायोबियम की मात्रा सूर्य की तुलना में करीब 1000 गुना अधिक बताई गई।

शोधकर्ताओं के मुताबिक यह रासायनिक संरचना इस संभावना की ओर इशारा करती है कि ग्रह का निर्माण तारे की मृत्यु के दौरान निकले पदार्थ से हुआ। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि तारे के आसपास मौजूद किसी साथी तारे के गुरुत्वाकर्षण ने बाहर निकल रहे मलबे को पूरी तरह बिखरने से रोका होगा। बाद में यही पदार्थ एक डिस्क के रूप में जमा हुआ और उसमें गैस तथा धूल के एकत्र होने से नए ग्रह का निर्माण हुआ। यह ग्रह अपने तारे का एक चक्कर केवल 4.4 दिन में पूरा करता है और संभवतः ज्वारीय रूप से लॉक है। सफेद बौने से मिलने वाला तेज विकिरण इसके वातावरण को प्रभावित कर रहा है और ग्रह से निकलने वाली सामग्री वापस तारे की ओर खिंच रही है।

फोटो ऑफ द डे



उत्तरी इजरायल में एक एक घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया जा रहा। यहां हुए धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी जबकि 19 अन्य घायल हो गये थे।

चिंतन-मनन

उत्सव है बुद्धत्व

बुद्धत्व मौलिक रूप से प्रीति है, विद्रोह है, बगावत है। काशी के पंडितों की सभा प्रमाणपत्र थोड़े ही देगी बुद्ध को! बुद्धपुरुष तुम्हें पोप की पदवियों पर नहीं मिलेंगे और न शंकराचार्यों की पदवियों पर मिलेंगे। क्योंकि ये तो परंपराएं हैं। और परंपरा में जो आदमी सफल होता है, वह मुर्दा हो तो ही सफल हो पाता है। परंपरा के द्वारा पद पाना सिर्फ मुर्दों के भाग्य में है, जीवंत लोगों के नहीं। यह सौभाग्य है जीवितों का और मुर्दों का दुर्भाग्य! इसलिए तुम कैसे पहचानोगे? और पूरी पहचान का तुम विचार ही मत करना। क्योंकि तुम पूरा पहचानोगे तो तुम बुद्ध हो जाओगे और तुम बुद्ध होते तो पहचानने की जरूरत न थी। तुम नहीं हो, इसीलिए तो पहचानने चले हो। इसलिए पूरे-पूरे का खयाल मत करना। छोटा सा टुकड़ा चांदनी का तैर आए तुम्हारे पास, तो बहुत धन्यभाग! अहोभाग! तुम उतने ही पर भरोसा करना। उस चांदनी के टुकड़े को पकड़ कर अगर बढ़ते रहे, चलते रहे, तो किसी दिन पूरे चांद के भी मालिक हो जाओगे। किसी दिन पूरा आकाश भी तुम्हारा हो जाएगा। तुम्हारा है; लेकिन अभी तुम्हें पहुंचना नहीं आया, चलना नहीं आया।

व्यंग

जनतंत्र

नरेंद्र वशिष्ठी

भोलाराम बहुत जल्दी में था। वह हाथ में डंडा और झंडा लिए भागा जा रहा था। 'कहाँ जा रहे हो भोलाराम?' मैंने पूछा।

'स्टेशन।'

'गाड़ी पकड़नी है?'

'नहीं! रेलगाड़ी में आग लगाने जा रहा हूँ।'

'क्यों?' मैंने पूछा, बेचारी रेलगाड़ी ने तुम्हारा क्या बिगाड़ा है? वैसे भी वह देश की संपत्ति है।'

'तो देश ने बिहार में हमारे दल की सरकार क्यों नहीं बनाई?' वह बिगड़ कर बोला, 'हमारी सरकार नहीं बनेगी तो हम देश में आग लगा देंगे।'

'यह तो कोई जनतंत्र न हुआ।' मैंने कहा, 'जो विधायक चुनाव में जीत कर आए हैं, वे सब विधानसभा में होंगे। वे वहाँ यह निर्णय कर सकते हैं कि बहुमत किसका है, उसी दल की सरकार बने।'

'हम तो विधायक उन्हींको मानते हैं, जो हमारे दल के हैं।' वह बोला, 'हमारे दल के बाहर के लोग बेइमानी से आए हैं।'

'क्यों?' मैंने पूछा, 'ऐसा कहने का कारण?'

'हमने सारे बूथों के चुनाव अधिकारियों को समझा दिया था कि भोट कैसे छापना है। जहाँ नहीं समझा पाए वहाँ अपने लोगों को समझा दिया था कि बूथ लूटना कैसे है।' वह बोला, 'ऐसे में किसी और दल का कोई आदमी जीत ही कैसे सकता है?'

मैं उसकी ओर देखता ही रह गया, बोला कुछ भी नहीं। शायद वह समझ नहीं रहा था कि वह क्या कह रहा है। 'इसलिए हमारे दल के बाहर का जो आदमी जीत कर आया है, वह बेईमानी से आया है। भोलाराम बोला, 'वह विधायक हैंये नहीं। उसे न विधान सभा में बैठने का अधिकार है और न सरकार बनाने का। सरकार तो हमारे ही दल की बनेगी।'

'यह तो कोई जनतंत्र न हुआ।' मेरे मुँह से निकला।

'हम जनतंत्र को वहीं तक मानते हैं, जहाँ तक वह हमारे पक्ष में है।' उसने कहा, 'जहाँ वह हमारे विरुद्ध जाता है, वहाँ से हम जनतंत्र विरोधी हो जाते हैं।'

'इसका अर्थ हुआ कि तुम देश के संविधान को नहीं मानते।'

'मानते हैं, किंतु वहीं तक, जहाँ तक वह हमारे पक्ष में जाता है।' उसने कहा, 'हमारा दल चुनाव जीते तो संविधान हमारे सिर माथे पर, किंतु यदि हमारा दल चुनाव नहीं जीतता तो हम किसी और को सरकार बनाने नहीं देंगे।'

'इसका क्या अर्थ हुआ?'

'अर्थ तुम्हारी समझ में नहीं आता तो हम क्या करें।' वह बोला, 'यहाँ भोटर लोग हमारे पक्ष में हैं। सारे भोटर हमारे हैं। तो फिर दूसरा कोई दल सरकार बना कैसे सकता है।'

'जिन लोगों ने तुम्हारे दल के विरुद्ध मतदान किया है, मतदाता नहीं हैं?'

'होंगे मतदाता, पर वे भोटर नहीं हैं।' वह बोला, 'उ सब बाहर से लाए गए हैं। हमारे प्रदेश का भोटर तो वही है, जो हमारे दल को भोट दे।'

स्वास्थ्य

कई स्वास्थ्य समस्याओं से राहत दिलाता है मुनक्का

मुनक्के का सेवन सेहत के लिए लाभ प्रद है। ये शरीर को ताकत देता है और कई स्वास्थ्य समस्याओं से राहत प्रदान करता है। मुनक्का का रोजाना थोड़ी मात्रा में सेवन बेहद लाभदायी है। मुनक्का खाने से थकान, कमजोरी और एनीमिया जैसी समस्याएं दूर हो सकती हैं। यह फेफड़ों को मजबूत बनाने और खून बढ़ाने में विशेष रूप से लाभकारी है। आयुर्वेद में मुनक्का को बेहद लाभदायी माना जाता है। ये शीतल, मधुर और रसायन गुणों वाला बताया गया है। यह वात-पित्त दोष को शांत करता है, शरीर के सूखेपन को कम करता है। आचार्य चरक ने इसे बलवर्धक और रक्तवर्धक द्रव्य कहा है, जो है, मतदाता नहीं है? शरीर के सभी ऊतकों को पोषण देता है।

सूखी खांसी, मुंह सूखना, थकान और गर्मी से जुड़ी समस्याओं में यह उपयोगी सिद्ध होता है। खून की कमी दूर करने में मुनक्का की अहम भूमिका है। इसमें आयरन, कॉपर और प्राकृतिक शुगर का संतुलन होता है, जो हीमोग्लोबिन बनाने की प्रक्रिया को तेज करता है।

प्रतिदिन 4 से 5 मुनक्का गुनगुने दूध या पानी में भिगोकर खाने से एनीमिया में फायदा मिलता है। यह रक्त साफ करने का भी काम करता है, जिससे थकान और चक्कर आने की समस्या धीरे-धीरे कम होती है। मुनक्का प्राकृतिक एनर्जी बूस्टर है। यह तुरंत ग्लूकोज प्रदान करता है और ताकत बढ़ाता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। पढ़ाई, दिमागी काम या शारीरिक मेहनत करने वालों के लिए यह और भी लाभदायी है। फेफड़ों और श्वसन तंत्र की सेहत के लिए भी मुनक्का विशेष लाभकारी है। यह फेफड़ों के सूखेपन को कम करता है और शुष्क खांसी में राहत देता है। नींद और मानसिक स्वास्थ्य पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

न्यूज ब्रीफ

जेबकट धराया

इंदौर। एमजी रोड स्थित एक कपड़े के शोरूम पर खरीदारी कर रहे आशुतोष पिता ओम नारायण तिवारी निवासी एरोड्रम की जेब से पर्स चुराते हुए नितिन पिता कन्हैया लाल लोधी को रंगे हाथों पकड़ा। और उसे पुलिस के हवाले किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

महिला ने जहर खाया

इंदौर। भूरी टेकरी के पास रहने वाली सोनम मालवीय 45 साल ने पति द्वारा आए दिन मारपीट किए जाने से तंग आकर जहर खा लिया जिसे बड़े अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने महिला के बयान पर पति सुरेश पिता बंसीलाल मालवीय के खिलाफ केस दर्ज किया है।

गांजा शराब सहित धराए

इंदौर। राहु पुलिस ने स्कूटर सवार संदीप पिता वीरेंद्र वर्मा और जितेंद्र पिता केदार सोलंकी को पकड़ा। इनके पास से 530 ग्राम गांजा बरामद किया है। इसी प्रकार गांधीनगर पुलिस ने महेश रघुवंशी और अजय यादव को पकड़ा। इनके पास से दो पेटी शराब जप्त की है। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

कैफे में युवक को चाकू मारा

इंदौर। भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित एक कैफे में नाश्ता करने गए अनुराग पिता संजय शर्मा को किसी बात के चलते विजय पिता घनश्याम साहू ने चाकू मार दिया। जिसमें वह घायल हो गया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

टक्कर से मां बेटी घायल

इंदौर। बड़ा गणपति चौराहे पर एक्टिवा सवार अंजलि पति मनोज शर्मा निवासी कालानी नगर और बेटी वंशिका को कार ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों घायल हो गई। पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

झगड़ा करते 10 धराए

इंदौर। सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने महारानी रोड पर हंगामा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार राजेंद्र नगर पुलिस ने तेजपुर गड़बड़ी के पास बीच रोड पर हंगामा करते हुए 6 आरोपियों को पकड़ा। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

दहेज के लिए मारपीट

इंदौर। फरियादी अनीता सुनहरे 30 साल निवासी जबरन कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि मायके से दहेज नहीं लाने पर पति जितेंद्र साहू सास शोभा बाई ससुर बद्री लाल और देवर कैलाश ने प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने सभी के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

किशोर का अपहरण

इंदौर। पार्श्वनाथ कॉलोनी में रहने वाला 16 वर्षीय सचिन चौहान परिजन को बिना बताए घर से चला गया। परिजनों से काफी देर तक ढूंढा लेकिन उसका पता नहीं चला। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

चाकू सहित चार बंदी

इंदौर। परदेसी पुरा पुलिस ने गिरीश मराठा और शेखर चौहान को पकड़ा इनके पास से दो चाकू जप्त किए हैं इसी प्रकार पुलिस द्वारकापुरी पुलिस ने भगवती पाल और श्याम जोशी को पकड़ा इनके पास से भी दो चाकू जप्त किए हैं। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

बेकाबू टेम्पो ट्रैवलर ने लोडिंग रिक्शा और बाइक को मारी टक्कर

इंदौर।

शहर में मंगलवार सुबह एक टेम्पो ट्रैवलर चालक ने अलग-अलग इलाकों में कई वाहनों को टक्कर मार दी। हीरानगर क्षेत्र में लोडिंग रिक्शा को टक्कर मारने के बाद चालक बाणगंगा पहुंचा, जहां उसने एक बाइक सवार को टक्कर मारी। इसके बाद वाहन बिजली के पोल से जा टकराया। घटना के बाद लोगों ने करीब दो किलोमीटर तक पीछा कर चालक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने चालक सहित



घायलों को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल पहुंचाया।

सयाजी होटल के पास खड़ी गाड़ी लेकर निकला

एडिशनल डीसीपी ओमप्रकाश के मुताबिक, घटना मंगलवार सुबह करीब 11 बजे की है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, सयाजी होटल के पास चाबी लगी खड़ी टेम्पो ट्रैवलर को एक युवक लेकर निकल गया। बताया जा रहा है कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

टेम्पो ट्रैवलर तेज गति से चलाते हुए चालक हीरानगर क्षेत्र में कर्णवात पान कॉर्नर के सामने पहुंचा। यहां उसने एक लोडिंग वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक रुका नहीं और वाहन लेकर बाणगंगा की ओर निकल गया। लगातार टक्कर मारने की घटना से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बाणगंगा क्षेत्र में चालक ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। इसके बाद कुछ दूरी पर टेम्पो ट्रैवलर बिजली के पोल से जा टकराया। वाहन रुकने के बाद आसपास मौजूद लोगों ने चालक को पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया। हादसे में बाइक सवार और एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुए हैं। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल टेम्पो ट्रैवलर, बाइक और लोडिंग रिक्शा जब्त कर लिए हैं। खातीपुरा निवासी इंद्रपाल सहित दो घायलों को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चालक की मानसिक स्थिति को लेकर सामने आई जानकारी की भी पुष्टि की जा रही है।

एमडी ड्रग्स के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, कार व मोबाइल जप्त

इंदौर।

पुलिस कमिश्नरेट द्वारा अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त और नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन चेकिंग व धरपकड़ अभियान के तहत क्राइम ब्रांच ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने किला मैदान रोड स्थित भैरव मंदिर के सामने घेराबंदी कर एक संदिग्ध ऑल्टो कार से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 12 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स और कार समेत कुल 3.20 लाख रुपये का सामान बरामद किया गया है।

क्राइम ब्रांच की टीम क्षेत्र में गश्त और भ्रमण पर थी। इसी दौरान टीम को भैरव मंदिर के सामने, किला मैदान रोड पर एक संदिग्ध ऑल्टो 800 कार खड़ी दिखाई दी। संदेह होने पर पुलिस ने त्वरित और सतर्क कार्रवाई करते हुए कार की घेराबंदी की और उसमें बैठे दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की।

संदेही व्यक्तियों द्वारा संतोषजनक जवाब न मिलने पर जब कार की गहन तलाशी ली गई, तो उसके डैशबोर्ड बॉक्स से 12 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स बरामद हुआ। पुलिस ने मादक पदार्थ और प्रयुक्त कार को जप्त कर दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान इस प्रकार हुई है

समीर पटेल 22 वर्ष, निवासी - थाना किशनगंज, (शिक्षा- 8वीं तक, कार्य- ट्रक



बॉडी फर्निशिंग)। और आबिर उर्फ आबिद अली 26 वर्ष, निवासी किशनगंज (शिक्षा- 7वीं तक, कार्य- भंगार का काम)। पुलिस ने अवैध एमडी ड्रग्स 12 ग्राम अनुमानित मूल्य 120000 है। ऑल्टो 800 कार कीमत 2 लाख रुपए है।

संचार साधनः 02 मोबाइल फोन

गिरफ्तार आरोपियों से इस अवैध नशे के मुख्य स्रोत, सप्लायर नेटवर्क तथा उनके बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है, ताकि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य आरोपियों तक भी पहुंचा जा सके।

सस्ते फाइबर का झांसा देकर व्यापारी से 25 लाख रुपए की ठगी

इंदौर।

विजयनगर थाना क्षेत्र में फाइबर का माल सस्ते दामों पर उपलब्ध कराने का झांसा देकर दो शातिर ठगों ने एक व्यापारी से 25 लाख रुपए की बड़ी ठगी को अंजाम दिया है। आरोपियों ने व्यापारी के भाई से नकदी लेकर उसे एक ब्रीफकेस में सुरक्षित रखवाने का नाटक किया और फिर मौका पाकर उसे खाली बैग थमा दिया। होटल के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर ली है और उनकी तलाश के लिए विशेष टीमें रवाना कर दी गई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी अंकुर शर्मा ने विजयनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वे फाइबर के नाम से दुकान का संचालन करते हैं। 16 सितंबर को अंकुर शर्मा की मोबाइल पर रामचंद्र मलिक और अनिल कुमार नाम के व्यक्तियों से बातचीत हुई थी। आरोपियों ने उन्हें कम कीमत पर अच्छी गुणवत्ता का फाइबर माल दिलाने का लालच दिया।

इसके बाद, 27 सितंबर को माल के सिलसिले में अंकुर मुंबई के एक हाईवे स्थित होटल में आरोपियों से मिलने पहुंचे। वहां रेट और अन्य शर्तें तय होने के बाद, आरोपियों ने 11 अक्टूबर को इंदौर में माल की डिलीवरी देने का वादा किया।

दोनों आरोपी 10 अक्टूबर को इंदौर पहुंचे और विजयनगर स्थित होटल क्रीसेंट के कमरा नंबर 617 में ठहरे। 11 अक्टूबर को तय योजना के अनुसार, अंकुर शर्मा के भाई संतोष तिवारी 25 लाख रुपए नकद लेकर होटल के कमरे में पहुंचे। आरोपियों ने संतोष से रुपए लेकर एक ब्रीफकेस में रख दिए। इसके बाद उन्होंने कहा कि वे एक घंटे के भीतर ट्रांसपोर्ट नगर में माल की डिलीवरी दे देंगे और भुगतान वहीं करना होगा। रुपए सुरक्षित रखने का झूठा विश्वास दिलाकर उन्होंने वही ब्रीफकेस संतोष को वापस थमा दिया और खुद कमरे के अंदर चले गए।

इस तरह हुआ ठगी का खुलासा

आरोपियों में से एक व्यक्ति संतोष को होटल के बाहर छोड़ने भी आया। इसके बाद संतोष ब्रीफकेस को दुकान पर रखकर ट्रांसपोर्ट नगर के लिए निकल गया। इंद्रप्रस्थ टावर के पास पहुंचने पर जब उसे संदेह हुआ, तो उसने आरोपियों के मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनके फोन बंद आ रहे थे।

शक होने पर अंकुर ने परिजनों से तुरंत ब्रीफकेस चेक करने को कहा। जब बैग खोला गया, तो उसमें 25 लाख रुपए की बजाय केवल एक लेदर बैग और कुछ छोटी डायरियां मिलीं।

पुलिस कार्रवाई

घटना की जानकारी मिलते ही अंकुर और संतोष तुरंत होटल क्रीसेंट पहुंचे, लेकिन दोनों आरोपी वहां से फरार हो चुके थे। आसपास तलाश करने के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित ने विजयनगर थाने पहुंचकर पूरे मामले की औपचारिक शिकायत दर्ज कराई।

आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद

पुलिस ने होटल के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए अपनी टीमें बाहर भेज दी हैं।

देसी कट्टा सहित धराया

इंदौर। हीरानगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दिलीप उर्फ कालू पिता राजाराम पाल निवासी न्यू गोरी नगर को पकड़ा तलाशी लेने पर एक देसी कट्टा और कारतूस बरामद किया है।

नवरात्रि पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए शक्ति मोबाइल टीम तैना

इंदौर। नवरात्रि पर्व के दौरान शहर की महिलाओं और युवतियों को पूरी तरह सुरक्षित और निर्भीक माहौल देने के लिए पुलिस ने एक बड़ा कदम उठाया है। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में शहर के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष शक्ति मोबाइल टीमों का गठन किया गया है, जो गरबा पंडालों और धार्मिक स्थलों पर लगातार पेट्रोलिंग कर असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखेंगी।

इस सुरक्षा अभियान के तहत सोमवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय पलासिया से 15 विशेष वाहनों की टीमों



को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। हर वाहन पर एक महिला उपनिरीक्षक/निरीक्षक (प्रभारी),2 महिला आरक्षक और 2 पुरुष आरक्षकों का बल तैनात रहेगा।

गरबा पंडाल, भजन संध्या, कन्या पूजन, भंडारा और अन्य धार्मिक आयोजनों के आसपास रात्रि के समय निरंतर गश्त। असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई- मनचलों, छेड़छाड़ करने वालों, नशा करने वालों और रास्तों पर संदिग्ध घूमने वालों पर कड़ी निगरानी। विशेष महिला हेल्पलाइन नंबर- महिलाओं और बालिकाओं

पुलिस कमिश्नर ने दिखाई हरी झंडी

की सुविधा के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 70491-24444 जारी किया गया है।

शक्ति मोबाइल टीमें प्रतिदिन रात्रि के समय शहर के विभिन्न भक्ति स्थलों और गरबा पंडालों के आसपास सक्रिय रहेंगी। पुलिसकर्मी न केवल पेट्रोलिंग करेंगे, बल्कि वहां मौजूद महिलाओं, बालिकाओं और आयोजकों से संवाद भी बनाए रखेंगे। यदि किसी भी प्रकार की अभद्रता या अवैधानिक गतिविधि पाई जाती है, तो मौके पर मौजूद टीम तुरंत सख्त वैधानिक कार्रवाई करेगी।

पति की प्रेमिका पर फूटा पत्नी का गुस्सा

लिव-इन में रह रही महिला के सिर पर पत्थर से हमला, केस दर्ज

इंदौर।

गांधीनगर थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते विवाद का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने अपने पति के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही प्रेमिका के साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान आरोपी महिलाओं ने पीड़िता के सिर पर पत्थर से प्रहार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर चार महिलाओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता पूजा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पिछले दो साल से रवि चौधरी नामक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों ने भविष्य में शादी करने का फैसला किया था और वर्तमान में गांधीनगर क्षेत्र में एक किराए के कमरे में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे।

रविवार को रवि की कानूनी पत्नी रीना चौधरी और उसकी मां भूरी बाई अचानक उस कमरे पर आ धमके। दोनों ने पूजा और रवि के साथ रहने पर कड़ी आपत्ति जताई।

गालियों से शुरू हुआ विवाद, हुआ खूनी संघर्ष

जब पूजा ने रीना और उसकी सास भूरी बाई से दो टूक कहा कि वह रवि से शादी करने वाली है और उसके साथ ही रहेगी, तो बात इतनी बढ़ गई कि आरोपी महिलाओं ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया।

देखते ही देखते विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। आरोप है कि रीना चौधरी ने गुस्से में आकर एक भारी पत्थर उठाया और पूजा के सिर पर प्रहार कर दिया। इसके बाद आरोपी महिलाओं (रीना, भूरी बाई, सविता और एक अन्य) ने मिलकर पूजा को घसीटते हुए कमरे से बाहर निकाला और सड़क पर भी उसके साथ मारपीट की।

पुलिस की कार्रवाई

घटना के बाद लहूलुहान हालत में पीड़िता ने गांधीनगर थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। पुलिस ने पूजा की रिपोर्ट के आधार पर रीना चौधरी, सविता चौधरी, भूरी बाई और एक अन्य अज्ञात महिला के खिलाफ मारपीट, बलवा और जान से मारने की धमकी देने से संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी है।

युवक का मोबाइल हैक कर खाते से उड़ाए 98 हजार रुपये

इंदौर।

शहर में साइबर अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है, और शातिर ठग आए दिन लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। ताजा मामला चंदन नगर थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां साइबर अपराधियों ने एक युवक का मोबाइल फोन हैक कर उसके बैंक खाते से 98 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फरियादी जीवन (40) पिता सूदन सिंह चौहान, जो कि नवादा पंत के निवासी हैं, उन्होंने चंदन नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जीवन चौहान के मुताबिक, जब उन्होंने अपने मोबाइल फोन पर टाइम देखा तो उनका फोन हैक हो गया और कुछ समय के लिए पूरी तरह बंद हो गया। कुछ घंटों बाद जब शाम को उनका मोबाइल फोन दोबारा चालू हुआ, तो उन्होंने अपनी यूपीआई ऐप ९%फोनपे% की ट्रांजैक्शन हिस्ट्री चेक की। हिस्ट्री देखकर उनके होश उड़ गए, क्योंकि उनके बैंक खाते से अज्ञात ठगों द्वारा अवैध रूप से 98 हजार रुपये निकाले जा चुके थे। घटना का अहसास होते ही पीड़ित जीवन चौहान ने बिना देर किए अपनी बैंक शाखा से संपर्क कर बैंक खाता ब्लॉक कराया। इसके बाद उन्होंने तुरंत साइबर सेल में इसकी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। साइबर सेल की शुरुआती जांच और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर चंदन नगर पुलिस थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और संबंधित धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस अब मोबाइल आईपी एड्रेस और बैंक ट्रांजैक्शन ट्रेल के जरिए आरोपियों की तलाश में जुटी है। प्रशासन और पुलिस लगातार अपील कर रहे हैं कि किसी भी लुभावने पार्ट-टाइम जॉब ऑफर, अनजान लिंक या अनधिकृत ऐप्स के चक्कर में न आएं।

महिला के फ्लैट में घुसकर तोड़फोड़, जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर आरोपी फरार

इंदौर।

शहर के व्यस्त माने जाने वाले जवाहर मार्ग पर कानून-व्यवस्था को ठेंगा दिखाने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है।

यहां एक महिला के फ्लैट में घुसकर दो दबंगों ने न केवल जमकर तांडव मचाया और तोड़फोड़ की, बल्कि घर में रखे कीमती जेवरात और नकदी भी चुरा ले गए। हैरानी की बात यह है कि शुरुआती स्तर पर पुलिस ने पीड़िता की फरियाद अनसुनी कर दी, लेकिन उच्चाधिकारियों के दखल के बाद आखिरकार पंद्रीनाथ थाने में गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरी घटना जवाहर मार्ग स्थित एक आवासीय अपार्टमेंट की है, जहां 55 वर्षीय महिला शोभापति हरीश मीरानी रहती हैं।

शिकायत के मुताबिक, बीते 23 सितंबर को मनीष नामक आरोपी अपने साथी ठेकेदार उस्मान (पिता इस्माइल गनी) के साथ अचानक शोभापति हरीश के फ्लैट में जबरन घुस आया। फ्लैट के अंदर आते ही दोनों ने आतंक मचाना शुरू कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने घर की दीवारों और दरवाजों में जमकर तोड़फोड़ की, जिससे फ्लैट को भारी नुकसान पहुंचा। तोड़फोड़ की इस अफरा-तफरी का फायदा उठाते हुए आरोपियों ने घर की अलमारी को निशाना बनाया।

मजदूर के साथ की मारपीट

इंदौर। बड़ी बमोरी में रहने वाले सुरेश पिता मदनलाल पवार ने पुलिस को बताया कि योगेश पिता चंद्रकांत राठौर की दुकान का सामान रखने से मना किया तो उसने डंडे से मारपीट की और धमकी देकर भाग गया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

दिनदहाड़े बड़ी चोरी

नवरात्रि पूजन में गए परिवार के सूने फ्लैट का ताला तोड़कर जेवर और नकदी ले उड़े चोर

इंदौर।

शहर के तेजाजी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पत्थर मुंडला आरटीओ रोड पर स्थित एक बहुमंजिला इमारत में चोरों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए दिनदहाड़े लाखों की चोरी को अंजाम दिया। परिवार के लोग घर पर ताला लगाकर नवरात्रि पूजन में शामिल होने गए थे, इसी दौरान चोरों ने सूने फ्लैट को निशाना बनाया और अलमारी के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुराकर फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार,



स्टार बेंज बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर रहने वाले गोलू जायसवाल रविवार दोपहर करीब 3ः10 बजे अपनी पत्नी और दोनों बच्चों के साथ बीहड़िया स्थित अपने बड़े भाई के घर नवरात्रि पूजन और आरती में शामिल होने गए थे। घर सूना पाकर चोरों ने योजनाबद्ध तरीके से इस वारदात को अंजाम दिया।

शाम करीब 5ः20 बजे पड़ोसियों की नजर गोलू के फ्लैट पर पड़ी, तो उन्होंने मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ और दरवाजा खुला पाया। पड़ोसियों ने तुरंत फोन पर गोलू जायसवाल को इसकी सूचना दी, जिसके बाद परिवार तुरंत घर लौटा।

फरियादी गोलू जायसवाल जब घर पहुंचे, तो अंदर का सारा सामान बिखरा हुआ था। बेडरूम में रखी अलमारी के ताले टूटे मिले और उसमें रखे कीमती सामान गायब थे। गोलू के मुताबिक, चोर घर से दो सोने की अंगूठियां, दो सोने के मंगलसूत्र, करीब आधा किलो चांदी के आभूषण और अन्य कीमती सामान के साथ-साथ नकदी भी चुरा ले गए।

घटना के बाद रहवासियों ने बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में तीन संदिग्ध बदमाश नजर आए हैं। दो बदमाश बिल्डिंग के अंदर प्रवेश कर सीढ़ियों से दूसरी मंजिल की ओर जाते हुए दिखाई दिए। तीसरा बदमाश बाइक लेकर बाहर खड़ा होकर आसपास की गतिविधियों पर नजर रख रहा था।

फुटेज से यह भी स्पष्ट हुआ कि वारदात रविवार दोपहर 3ः10 बजे से शाम 5ः30 बजे के बीच यानी महज दो घंटे के भीतर अंजाम दी गई।

स्थानीय रहवासियों में इस घटना के बाद भारी आक्रोश और डर का माहौल है। लोगों का कहना है कि करीब 4 महीने पहले भी इसी 6 मंजिला इमारत की तीसरी मंजिल पर चोरी की वारदात हुई थी, जिसका खुलासा पुलिस अब तक नहीं कर पाई है और आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

रहवासियों ने यह भी बताया कि इमारत में चौकीदार की व्यवस्था है, लेकिन चोरी के वक्त वह वहां मौजूद नहीं था। फिलहाल, तेजाजी नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है, साथ ही चौकीदार से भी पूछताछ की जा रही है।

मां चामुंडा के दरबार में सर्व ब्राह्मण कल्याण संघ ने किया महाप्रसादी वितरण

सेवा कार्य में निभाई सहभागिता

देवास।

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर देवास स्थित माता टेकरी के शंखद्वार सत्संग भवन परिसर में मां चामुंडा सेवा समिति देवास द्वारा नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन दर्शनार्थियों के लिए महाप्रसादी वितरण एवं चाय सेवा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 12 अक्टूबर को समिति के आमंत्रण पर सर्व ब्राह्मण कल्याण संघ देवास के जिलाध्यक्ष पंडित प्रशांत शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य में सहभागिता की। इस अवसर पर पंडित प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में जिला सचिव देवकीनंदन समाधिया, जिला संयोजक अरविंद शर्मा, उपाध्यक्ष यशवंत तिवारी, राजेश कुमार व्यास, हर्ष शास्त्री, दीपक जोशी, पंकज प्रधान, लोकेंद्र शुक्ला, सुदामा शर्मा, शिवनारायण शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, सुरेश शर्मा, डॉ. भैरूलाल शर्मा, प्रदीप चिंचे, प्रदीप शुक्ला, मुकेश तिवारी, राजेंद्र पारीक एवं अजय व्यास सहित संघ के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। मां चामुंडा सेवा समिति की ओर से अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। समिति के वरिष्ठ संयोजक रामेश्वर जलोदिया एवं नरेंद्र मिश्रा सहित समिति के सदस्यों ने सर्व ब्राह्मण कल्याण संघ की टीम का अभिनंदन किया।



आनंद मेला एवं प्रदर्शनी आज लगेगी

देवास। माता जिजाउ मातृ प्रतिष्ठान एवं राम ग्रुप की महिलाओं द्वारा आनंद मेला, प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। ग्रुप की मीना शिंदे एवं रोहिणी भोंसले ने बताया कि सयाजी द्वार के पास स्थित मल्हार स्मृति मंदिर परिसर में 14 अक्टूबर, बुधवार को प्रात:11 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होने वाले आनंद मेले एवं प्रदर्शनी में सर्व समाज की मातृशक्तियों द्वारा ज्वेलरी, वस्त्र, ऊनी वस्त्र, साड़ी, पर्स आदि कई सामग्रियों व हस्तकला से निर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन स्टॉल लगाकर इस मेले में लगाया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां व फ्री तम्बोला होगा। वहीं संगठन द्वारा समाज बेरोजगार महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के अवसर बताए जाकर आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया जाएगा।

कलेक्टर सुश्री बाफना ने स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री प्रक्रिया का किया निरीक्षण

मानूबाई पति कचरूलाल को रजिस्ट्री प्रदान की

शाजापुर।

कलेक्टर सुश्री ऋचु बाफना ने आज शाजापुर जिले के ग्राम मझानिया, पिपलोदा एवं बज्जाहेड़ा पहुंचकर स्वामित्व योजना के तहत की जा रही रजिस्ट्रियों की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर चल रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित राजस्व अधिकारियों से स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री की प्रगति के संबंध में चर्चा की। साथ ही उन्होंने उपस्थित ग्रामीणजनों से उक्त योजना के संबंध में जानकारी भी दी। कलेक्टर सुश्री बाफना ने संबंधित राजस्व अधिकारियों को स्वामित्व योजना के अंतर्गत रजिस्ट्री संबंधी कार्य शासन के निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप सुनिश्चित कर समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिला प्रशासन द्वारा स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों को योजना का लाभ सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।



मानूबाई पति कचरूलाल को रजिस्ट्री प्रदान की

कलेक्टर सुश्री बाफना ने ग्राम बज्जाहेड़ा में पटवारी राहुल प्रताप के द्वारा बनाई गई स्वामित्व योजना अंतर्गत मानूबाई पति कचरूलाल की रजिस्ट्री को मानूबाई करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। रजिस्ट्री मिलने पर मानूबाई ने कलेक्टर एवं राजस्व अधिकारियों को धन्यवाद दिया। साथ ही कलेक्टर ने उक्त रजिस्ट्री के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वे इस रजिस्ट्री के माध्यम से किसी भी बैंक से ऋण ले सकती हैं।

इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी सुश्री मनीषा वास्कले, तहसीलदार गौरव पोरवाल, नायब तहसीलदार राकेश चौहान भी उपस्थित थे।

बाउंड्री तोड़कर अवैध रास्ता बनाने और परिवार को धमकाने का आरोप

कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

देवास।

ग्राम जोलाय निवासी सुरेंद्रसिंह पिता नारायणसिंह ने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर मलपुरा गांव के कुछ लोगों पर उनके मकान की बाउंड्री तोड़कर अवैध रास्ता बनाने, वाहन में तोड़फोड़ करने, गाली-गलौज एवं मारपीट करने तथा पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने मामले में उचित कार्रवाई करने और हुए नुकसान की भरपाई दिलाने की मांग की है। आवेदन में सुरेंद्रसिंह ने बताया कि उन्होंने करीब तीन वर्ष पूर्व ग्राम जोलाय में कृषि भूमि खरीदी थी। इस भूमि पर वे खेती करने के साथ मकान बनाकर परिवार सहित निवास कर रहे हैं। उनका आरोप है कि मलपुरा गांव के कुछ लोगों ने दबंगई दिखाते हुए उनकी भूमि



और मकान की बाउंड्री तोड़कर रास्ता बना दिया। इस संबंध में शिकायत करने के लिए वे पीपलरावां पुलिस थाने पहुंचे, लेकिन उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई और केवल आश्वासन देकर वापस भेज दिया। आवेदन के अनुसार, संबंधित लोगों द्वारा रास्ते को लेकर न्यायालय नायब तहसीलदार, टप्पा पीपलरावां में प्रकरण प्रस्तुत किया गया है। सुरेंद्रसिंह का आरोप है कि प्रकरण में उनका पक्ष ठीक से नहीं सुना गया और उनकी भूमि से रास्ता निकालने का एकतरफा आदेश पारित कर दिया गया, जबकि अन्य शासकीय भूमि पर पहले से रास्ता उपलब्ध है, जिसका उपयोग संबंधित लोग और अन्य किसान कर रहे हैं। आवेदक ने कलेक्टर से मांग की है कि पीपलरावां पुलिस थाना और नायब तहसीलदार कार्यालय को मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाएं।

निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर संपन्न

नीमच। आयुष विभाग के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर, चितोखेड़ा द्वारा मंगलवार को आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-2 में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 48 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया गया तथा नि:शुल्क आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में त्वचा रोग, उदर रोग, नेत्र रोग, शिरो रोग, श्वास-कास, अम्लपित्त, अग्निमांद्य, विबंध तथा नाक, कान एवं गले से संबंधित समस्याओं की जांच कर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया गया। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। शिविर के दौरान मौसमी बीमारियों से बचाव, तनाव प्रबंधन तथा स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के संबंध में भी लोगों को आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश विजयवर्गीय, दवासाज श्री जगदीश इरवार एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेम कुंवर उपस्थित रहे।

»न्यूज ब्रीफ

नेत्रदान का संकल्प, दिया मानवता का संदेश



देवास। विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय देवास में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मोत्सव सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम में भाजपा जिला सह प्रभारी (मन की बात) अखिलेश चौहान बालोन ने नेत्रदान संकल्प पत्र प्रस्तुत कर समाज को प्रेरणादायी संदेश दिया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय की नेत्र रोग विशेषज्ञ ने चौहान को नेत्रदान संकल्प का प्रमाण-पत्र प्रदान किया। चौहान ने कहा कि नेत्रदान महादान है। मरणोपरांत हम अपनी आंखों के माध्यम से दो दृष्टिबाधित लोगों के जीवन में रोशनी ला सकते हैं।

6.03 लाख की साइबर ठगी, आरोपी बिहार से गिरफ्तार



देवास। सोशल मीडिया पर पेंशन कार्ड आउटेज करने और बनाने की जानकारी देखने के बाद देवास के 62 वर्षीय सेवानिवृत्त कर्मचारी साइबर ठगों के जाल में फंस गए। ठगों ने बैंक अधिकारी बनकर पेंशन कार्ड आउटेज करने और टैक्स में छूट दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद धीरे-धीरे उनसे पूरी जानकारी लेकर 6 लाख 3 हजार रुपए ठग लिए। देवास पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर करीब 1500 किलोमीटर दूर बिहार के कटिहार जिले से 21 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के घर की अलमारी से ठगी की रकम में से 5 लाख रुपए नकद बरामद किए गए।

जिप सीईओ ने ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा की

आगर मालवा। जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी ने मंगलवार को जनपद पंचायत बड़ौद में ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की । बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पंचायती राज, करारोपण, बी.बी.जी. राम जी योजना, संबल योजना, विधायक निधि, सांसद निधि तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की । बैठक में सीईओ सोलंकी ने विकास कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिवों एवं रोजगार सहायकों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए। बैठक में जनपद सीईओ बड़ौद अमृतराज सिसोदिया, एपीओ तीर्थराज कटरे, सहायक यंत्री अभिषेकरोजगार सहायक उपस्थित थे।

एसएफ जवान की मौत के मामले में पिता ने चार लोगों पर जताया संदेह



देवास। जिले के उदयनगर तहसील के ग्राम पारस पीपली निवासी बाबूलाल जामले ने अपने पुत्र दीपक जामले की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। दीपक एसएफ पुलिस में सैनिक था और घटना के समय घर आया हुआ था। पिता ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर काना वास्केल, रणरजित रावत, राकेश डावर और रामसिंग जामले के संबंध में जांच करने तथा मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार, 6 अक्टूबर को दोपहर करीब 2 बजे दीपक के परिचित काना पिता बुदन वास्केल निवासी चंदुपुरा, रणरजित पिता भारत रावत निवासी पारस पीपली, राकेश पिता मंशराम डावर निवासी पुंजापुरा और रामसिंग पिता बाटिया जामले निवासी पारस पीपली उसे पार्टी के बहाने घर से अपने साथ ले गए थे।

60 कचरा गाड़ी हेल्परों का दो माह से भुगतान नहीं, लगाई गुहार

देवास।

नगर निगम देवास में कचरा गाड़ियों पर हेल्पर के रूप में कार्यरत करीब 60 कर्मचारियों को पिछले दो माह से भुगतान नहीं मिलने पर कर्मचारियों ने इस संबंध में जिलाधीश को आवेदन देकर ठेकेदार से बकाया राशि का तत्काल भुगतान कराने की मांग की है। आवेदन में कर्मचारियों ने बताया कि वे नगर निगम की कचरा गाड़ियों पर हेल्पर के रूप में कार्य करते हैं।



संबंधित कार्य का ठेका ग्वालियर की तिरुपति बालाजी फर्म के विक्रम शर्मा के पास है। कर्मचारियों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा करीब दो माह से उनका भुगतान नहीं किया जा रहा है। इससे उन्हें अपने परिवार का भरण-पोषण करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने आवेदन में बताया कि कचरा गाड़ियों पर लगभग 60 हेल्पर कार्यरत हैं, लेकिन लंबे समय से भुगतान नहीं मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है।

आवेदन के दौरान 15 से अधिक कचरा गाड़ी हेल्पर उपस्थित रहे। जनसुनवाई में उपस्थित संबंधित अधिकारी ने दो दिन में समस्या का निराकरण होने का आश्वासन दिया।

आरएसएस के प्रचारक श्री विनोद कुमार जी को स्वयंसेवकों एवं समाजजनों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



इन्दौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक के वरिष्ठ प्रचारक एवं अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य रहे स्वर्गीय श्री विनोद कुमार जी की स्मृति में आज इन्दौर में महावीर बाग में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। 4 दिसंबर 1952 को मेरठ उत्तर प्रदेश में जन्मे श्री विनोदकुमार जी का देहावसान विगत 6 अक्टूबर 2026 को उज्जैन में हुआ था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह श्री कृष्ण गोपाल जी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विनोद जी के साथ अपने अनेक संस्मरणों को याद करते हुए उनकी राष्ट्र कार्य के प्रति असीम समर्पण भाव का उल्लेख किया। मेरठ में बिताए आरंभिक संघ जीवन के अनेक प्रसंग आज भी स्मरण में आते हैं। प्रचारक जीवन की अति व्यस्त दिनचर्या के उपरांत भी वे सभी कार्यकर्ताओं की चिन्ता करते थे। उनसे भेंट के अवसर बैठकों में ही आते थे, परंतु उनकी आत्मीयता व सहृदयता का हमेशा अनुभव होता रहता था। विनोद जी भगवान महाकाल के अनन्य भक्त थे और उन्होंने अपनी अंतिम श्वास भी महाकाल की नगरी में एकादशी के दिन त्यागी। श्रद्धांजलि सभा में मालवा प्रांत संघचालक डॉ प्रकाश शास्त्री तथा संघ के अनेक वरिष्ठ अधिकारी तथा स्वयंसेवक , मंत्री कैलाश विजयवर्गीय उपस्थित थे।

वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिलाओं को दी गई पोषण एवं महिला सुरक्षा संबंधी

नीमच।

वन स्टॉप सेंटर (सखी), नीमच द्वारा महिला एवं बाल सुरक्षा तथा स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम सेमली चंद्रावत स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-1 में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक दीपिका नामदेव ने उपस्थित महिलाओं को बच्चों के नियमित टीकाकरण, पर्याप्त प्रोटीन के महत्व, मातृ पोषण तथा बच्चों के प्रारंभिक विकास के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को संतुलित पोषण और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में काउंसलर सुश्री नुशरत खान ने वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से महिलाओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी।



उन्होंने महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और पुलिस हेल्पलाइन 112 के बारे में बताते हुए जरूरत पड़ने पर इनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसकी रोकथाम के संबंध में भी जागरूक किया। इसी क्रम में मोड़ी माताजी मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को भी वन स्टॉप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी गई।

स्कूलों मे बच्चों की सीखने की गुणवत्ता पर विशेष रूप से फोकस किया जाए

कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की

मंदसौर।

कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने मंगलवार को जिले के शिक्षा विभाग तथा जिला शिक्षा केंद्र के कार्यों की समीक्षा की बैठक लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्कूलों मे ईफास्ट्रक्चर तथा बच्चों की सीखने की गुणवत्ता पर विशेष रूप से फोकस किया जाए। संकुल प्राचार्य शिक्षकों की बैठकें आयोजित कर शैक्षणिक प्रगति का नियमित रूप से जायजा ले। बैठकों में स्थानीय प्रशासन को भी सम्मिलित किया जाए।



कलेक्टर कार्यालय सभा पक्ष में आयोजित उक्त बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूलों के प्राचार्य, खंड स्त्रोत समन्वयक आदि उपस्थित थे। कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि स्कूलों में विद्यार्थियों तथा शिक्षकों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाये, स्कूल भवन की स्थिति, शौचालय, वॉशरूम उपलब्धता, बाउंड्री वॉल, फ्लोरिंग खेल मैदान आदि की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाए, स्कूल प्रबंधन समिति के कार्यों में स्थानीय जन भागीदारी प्राप्त की जाये।

आपदा युवा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम

मंदसौर। राज्य आपदा प्राधिकरण मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशों के पालन मे आपदा युवा मित्र प्रशिक्षण का आयोजन 6 अक्टूबर 12 अक्टूबर तक समापन के अंतर्गत 125 प्रतिभागियों को आपदा की स्थिति में बचाव एवं राहत कार्यों से संबंधित विभिन्न तकनीकों की जानकारी प्रदान की गई।प्रशिक्षण के दौरान बोट इंजन संचालन, ड्राई रेस्क्यू, हेड टी, चिन टी एवं पेट्रोलिंग के दौरान रेस्क्यू कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया। प्रशिक्षार्थियों को बताया गया कि बाढ़ एवं जल आपदा के दौरान बोट इंजन का सुरक्षित उपयोग कैसे किया जाता है तथा संकट में फँसे व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए किन बचाव तकनीकों का उपयोग किया जाता है।

दीपावली से पहले पटाखा दुकानों के लाइसेंस जारी करने की मांग

देवास।

दीपावली पर्व पर अस्थायी पटाखा दुकानों के लाइसेंस समय पर जारी करने और दुकानों के लिए शहर से बाहर सुरक्षित स्थान निर्धारित करने की मांग को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता पं. रितेश त्रिपाठी सहित अन्य लोगों ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर के नाम हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपा है। आवेदन में जनसुरक्षा और छोटे पटाखा व्यापारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए समय पर लाइसेंस जारी करने तथा दुकानों के लिए निर्धारित स्थान

शहर से बाहर सुरक्षित स्थान निर्धारित करने की अपील



का आवंटन पहले से करने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि दीपावली के अवसर पर प्रतिवर्ष देवास जिले में छोटे व्यापारियों को पटाखा विक्रय के लिए अस्थायी लाइसेंस प्रदान किए जाते हैं। जिले में कुछ माह पूर्व हुई दुर्घटना को देखते हुए पटाखा दुकानों के लिए शहर से बाहर किसी सुरक्षित एवं निर्धारित स्थान का चयन किया जाना आवश्यक है। रिहायशी क्षेत्रों और घनी आबादी वाले स्थानों पर पटाखा दुकानें लगाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, ताकि आगजनी, दुर्घटना और जनहानि की आशंका को कम किया जा सके। आवेदन में बताया गया कि अन्य स्थानों पर पटाखा विक्रय के लिए अस्थायी लाइसेंस लगभग एक माह पहले जारी कर दिए जाते हैं, जबकि देवास में लाइसेंस का नवीनीकरण दीपावली से मात्र दो से चार दिन पहले किए जाने की बात सामने आती है। इससे छोटे व्यापारियों को पटाखों की खरीद, दुकान लगाने और अग्निशमन सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता। इस संबंध में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता पं. रितेश त्रिपाठी, एवं मोहन पालीवाल सहित अन्य लोगों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन के माध्यम से कलेक्टर से आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

लोकशांति हेतु कलेक्टर ने की प्रभावी कार्यवाई

रतलाम। जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अजय कटेसरिया द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 के तहत कार्रवाई कर ललित दरकुनिया पिता दिलीप दरकुनिया, उम्र-28 वर्ष, निवासी 83 हाथीखाना जावरा को एक वर्ष की अवधि के लिए रतलाम जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा सहित समीपवर्ती जिले उज्जैन, आगर, धार, झाबुआ एवं मंदसौर की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश जारी किया गया है।

खाद्य पदार्थों की जाँच की गई

शाजापुर। कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना तथा वरिष्ठ कार्यालय के निर्देश एवं मार्गदर्शन में हनी गोल्ड टी निर्माता गुरुनानक टी कंपनी इंदौर कम्पनी की ओर से मालिक संदीप खत्री द्वारा दी गई लिखित शिकायत पर पुलिस, राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त छापामार कार्यवाही में अकोदिया बस स्टैंड के पास स्थित किराना दुकान ललित कुमार लक्ष्मणदास की जांच में हनी गोल्ड राजू चाय इलायची युक्त 250 ग्राम तथा 1 किलो निर्माता आर डीटी कंपनी झूलेलाल नगर इंदौर हाईवे रोड कैम्पियन स्कूल इंडस्ट्रियल एरिया भोपाल और इलायची युक्त अमेरिकन गोल्ड टी 250 ग्राम निर्माता एसएसके स्टार बैरागढ़ प्रथम दृष्ट्या बैच नंबर, पैकड ऑन, यूज बाय डेट जैसी जानकारी अंकित नहीं पाए जाने से मिसब्रांडेड होने तथा कॉपीराइट में कंपनी के द्वारा थाना के मॉल खाना में रखवाया।

»न्यूज ब्रीफ

17 अक्टूबर को 35 हजार कन्याओं का पूजन



उज्जैन। नवरात्रि के अवसर पर लोकमान्य तिलक गणेश उत्सव महाआयोजन के तहत 17 अक्टूबर को एक साथ 35 हजार कन्याओं का पूजन किया जाएगा। सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक शहर के 151 स्थानों पर आयोजन होगा। इसके लिए समिति ने करीब छह महीने पहले से तैयारियां शुरू कर दी थीं। भाजपा के मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने बताया कि 13 वर्ष से कम आयु की कन्याओं के पंजीयन की प्रक्रिया 15 जुलाई से 10 अक्टूबर 2026 तक चली। अब पंजीकृत कन्याओं को प्रवेशिका के साथ आमंत्रण पत्र दिए जा रहे हैं, ताकि आयोजन के दिन व्यवस्थाएं सुचारू रहें। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में स्थानीय नागरिकों के साथ करीब 5 हजार वॉलंटियर तैयारियों में जुटे हैं। शहर में आयोजन के लिए उपयुक्त स्थानों, धर्मशालाओं, बड़े भवनों और परिसरों का चयन किया गया है। प्रत्येक स्थान पर कन्याओं के स्वागत, पूजन और अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी की जा रही है। स्थानीय नागरिकों की भागीदारी से भारतीय संस्कृति की इस परंपरा के तहत सामूहिक कन्या पूजन किया जाएगा।

कैमरे के लेंस से समझी डिजिटल ऋतिः उज्जैन में फोटो प्रेमियों ने सीखे फोटोग्राफी के सीक्रेट्स

उज्जैन। डिजिटल तकनीक के दौर में अब फोटोग्राफी सिर्फ एक शौक नहीं, बल्कि कला और अभिव्यक्ति का मजबूत माध्यम बन चुकी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन की सतत् शिक्षा अध्ययनशाला और पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला ने सोनी इंडिया व सोनी अल्फा कम्युनिटी के साथ मिलकर एक दिवसीय 'बेसिक फोटोग्राफी कार्यशाला' का आयोजन किया। विश्वविद्यालय परिसर के सतत् शिक्षा सभागार में आयोजित इस कार्यशाला में विद्यार्थियों और फोटोग्राफी के प्रेमियों को आधुनिक कैमरा तकनीक और फोटोग्राफी के बुनियादी सिद्धांतों से आमना - सामना करवाया गया। कार्यक्रम के अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. राजेश सिंह कुशवाह, कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज और कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि आज के डिजिटल युग में फोटोग्राफी और कैमरे हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुके हैं। तकनीक के माध्यम से विद्यार्थी अपनी रचनात्मकता को नई पहचान दे सकते हैं। मुंबई से आए सोनी इंडिया के अल्फा स्पेशलिस्ट व टेक्निकल मेंटर सुधाकर सिंह ने प्रतिभागियों को कैमरे की बारीकियां सिखाईं। उन्होंने लाइव डेमोंस्ट्रेशन के जरिए कैमरा मेन्यू सेटिंग्स, एक्सपोजर, कंपोजिशन और लाइटिंग के इस्तेमाल की व्यावहारिक जानकारी दी।

केन्द्रीय जेल में बंदियों ने किया अपने पितरों का श्राद्ध-तर्पण

उज्जैन। केन्द्रीय जेल अधीक्षक श्री मनोज कुमार साहू द्वारा बताया गया कि जेल मुख्यालय मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में केन्द्रीय जेल उज्जैन में बंदियों हेतु आध्यात्मिक प्रशिक्षण कार्यक्रम वार्षिक कैलेंडर वर्ष 2026-27 के अनुसार षष्म चरण में 01 से 10 अक्टूबर तक दस दिवसीय अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार की शाखा उज्जैन द्वारा आत्म/व्यक्तित्व परिष्कार शिविर का आयोजन किया गया। गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन से उपस्थित श्री रामप्रसाद सरिया, श्री विनय गुप्ता, श्री मनोहर बिलावल, श्री प्रभाकर सोनेनो, श्री संजीव पांचाल, श्री सुशील कुमार शर्मा, श्री नंदकिशोर पाटीदार, श्री देवीसिंह शंकर तिवारी, श्री जयप्रकाश सरिया, श्री सुभाष पाटीदार एवं श्री दिग्विजयसिंह चौहान द्वारा 55 पुरुष बंदियों को वेद, ज्ञान, यज्ञ, मंत्रोच्चारण, योग, ध्यान एवं कर्मकांड का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर जेल में परिरुद्ध/निरुद्ध बंदियों को अपने पूर्वजों का तर्पण एवं पिंडदान विधि संपन्न करवाई गई। उक्त तर्पण कार्यक्रम में लगभग 120 बंदियों द्वारा अपने पूर्वजों का तर्पण एवं पिंडदान किया गया।

भैरवगढ़ जेल में पुरुष कैदियों को महिलाओं के कपड़े पहनाकर करवाया गरबा

उज्जैन।

भैरवगढ़ जेल एक बार फिर अपनी कार्यशैली को लेकर सुर्खियों में है। नवरात्रि के कल्चर प्रोग्राम के नाम पर जेल के अंदर पुरुष कैदियों को महिलाओं के कपड़े (साड़ी-लहंगा) पहनाकर गरबा नृत्य करवाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आते ही शहरभर में आक्रोश और नाराजगी का माहौल है।

लोगों का कहना है कि नवरात्रि में गरबा कर माता की आराधना करना अच्छी बात है, लेकिन इसके लिए पुरुष कैदियों को महिलाओं के वस्त्र पहनाकर गरबे कराना पूरी तरह गलत है। जब जेल में महिला और पुरुष कैदियों की अलग-अलग व्यवस्था है और वे अलग-अलग गरबा कर आराधना करते हैं, तो फिर पुरुषों को महिलाओं के कपड़े पहनाने की क्या आवश्यकता थी? सूत्रों का कहना है कि भैरवगढ़ जेल के इतिहास में इसके पहले कभी ऐसा आयोजन नहीं हुआ, जिसमें पुरुष कैदियों को इस तरह महिलाओं के कपड़े पहनाकर नृत्य करवाया गया हो।





वीडियो पर लोगों की नाराजगी

सोशल मीडिया पर वीडियो को लेकर सबसे ज्यादा यही कमेंटस आ रहे हैं कि जेल अपराधियों का सुधार गृह होती है, मनोरंजन का अड्डा नहीं। मनोरंजन के नाम पर पुरुष कैदियों को महिलाओं के कपड़े पहनाना और फिर माता की आराधना करवाना कई गंभीर सवाल खड़े करता है। यह भारतीय संस्कृति और गरबा की मर्यादा के खिलाफ है।

जेल में क्या चल रहा है?

जेल प्रशासन के अनुसार भैरवगढ़ जेल में कुल 2043 कैदी हैं, जिनमें 1951 पुरुष, 92 महिला कैदी और 3 बच्चे हैं। नवरात्रि पर इस साल 647 कैदी उपवास कर रहे हैं, जिनमें 603 पुरुष और 44 महिलाएं शामिल हैं। इस साल भी खंड-अ और खंड-ब में माता की प्रतिमा स्थापित की गई है और मां पद्मावती मंदिर में आराधना जारी है।

जेल अधीक्षक की अजीब दलील

विवाद बढ़ने पर जेल अधीक्षक मनोज साहू ने सफाई में कहा- कोरम पूरा करने के लिए पुरुष बंदियों को साड़ियां पहनाई जाती है, इसका और कोई उद्देश्य नहीं है। जेल अधीक्षक इस पूरे मामलों को कोरम पूरा करने का बता रहे हैं लेकिन अब सवाल यही है कि क्या सिर्फ कोरम पूरा करने के लिए किसी भी पुरुष को महिला बनाकर गरबा करवाना क्या उचित है?

सिंहस्थ के महत्वपूर्ण मार्गों का निर्माण कार्य तेज करें -संभागायुक्त सिंह

संभागायुक्त और कलेक्टर ने इंटिग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का निरीक्षण किया

उज्जैन।

सिंहस्थ-2028 महापर्व की तैयारियों के अंतर्गत उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) द्वारा सिंहस्थ क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों को गति देने के लिए निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। मंगलवार को संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने यूडीए द्वारा बनाए जा रहे आंतरिक मार्गों, प्रमुख मंदिरों से जुड़ने वाले मार्गों तथा इंटिग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त आशीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ की दृष्टि से महत्वपूर्ण सभी आंतरिक मार्गों एवं प्रमुख मंदिरों को जोड़ने वाले मार्गों के निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण हों और कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो। उन्होंने कहा कि बारिश का दौर समाप्त हो चुका है, इसलिए उपलब्ध समय का बेहतर उपयोग करते हुए सभी निर्माण कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जाए।

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त सिंह और कलेक्टर सिंह ने कार्तिक मेला ग्राउंड के सामने उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माणाधीन इंटिग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का निरीक्षण किया। संभागायुक्त सिंह ने मौके पर प्रोजेक्टर की डिजाईन का अवलोकन कर निर्माण कार्य प्रगति की जानकारी ली। संभागायुक्त सिंह ने निर्देश दिए कि इंटिग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए।



समन्वय के अभाव में निर्माण कार्य प्रभावित नही होना चाहिए

सोमवारिया से पिपलीनाका तक निर्माणाधीन मार्ग निर्माण के दौरान आने वाले सीवर चेंबर के संबंध में नगर निगम के अधिकारियों से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय के अभाव में निर्माण कार्य प्रभावित नही होना चाहिए निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गढ़कालिका माता मंदिर से पीर मत्स्येंद्रनाथ समाधि स्थल तक लगभग 400 मीटर लंबी सीसी सड़क निर्माण कार्य, गढ़कालिका माता मंदिर से भर्तृहरि गुफा तक सड़क निर्माण कार्य तथा गढ़कालिका माता मंदिर से ओखलेश्वर तक नवीन मार्ग निर्माण कार्य का अवलोकन किया। गढ़कालिका माता मंदिर के लिए प्रस्तावित पार्किंग स्थल तथा कार्तिक मेला सदावल से नईखेड़ी तक मार्ग निर्माण कार्य की भी जानकारी ली। संभागायुक्त सिंह ने प्रमुख मंदिरों पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए पार्किंग एवं आवागमन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि फसल कटने के बाद तत्काल सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को किसानों के मुआवजा प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और निर्माण कार्य भी समय पर प्रारंभ किए जा सके।

युवाओं ने सोशल मीडिया से टीबी जागरूकता का संदेश फैलाया

उज्जैन। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी ने बताया कि JOSH (Joint Squad for Health) टीम के माध्यम से भारत में टीबी (क्षय रोग) के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को नई गति मिल रही है। यह पहल विभिन्न विभागों, संस्थानों एवं युवाओं को एकजुट कर टीबी-मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में सामुदायिक भागीदारी को मजबूत कर रही है। भारत सरकार द्वारा सभी मंत्रालयों, विभागों, जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य संस्थानों, MY भारत के स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स, युवा संगठनों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों से अपील की गई कि वे 13 अक्टूबरको प्रात: 10 से 11 बजे तक आयोजित डिजिटल जन-जागरूकता अभियान में भाग लें। उज्जैन जिले के युवाओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहभागिता की। युवाओं ने युवा नेतृत्व वाली पहल को प्रदर्शित करने वाली पोस्ट, तस्वीरों, वीडियो एवं समय पर जांच एवं उपचार, इलाज के दौरान नियमों का पालन तथा टीबी से प्रभावित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव समाप्त करने का संदेश प्रसारित किया।

सीएमएचओ ने किया स्वास्थ्य संस्थाओं का औचक निरीक्षण

नियमित टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

उज्जैन।



टीकाकरण सेवाओं की बेहतर प्रदायगी एवं स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी पर्यवेक्षण के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश त्रिपाठी द्वारा 13 अक्टूबर 2026 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया, नजरपुर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र एवं उपस्वास्थ्य केंद्र डाबलारहवारी का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने टीकाकरण सत्र के आयोजन एवं उपलब्ध संसाधनों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि एमयूनिन पोर्टल पर उपलब्ध ड्यू लिस्ट के अनुसार क्षेत्र के सभी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का निर्धारित समय पर शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए तथा टीकाकरण संबंधी जानकारी की प्रविष्टि संबंधित पोर्टल पर समय पर की जाए। अधिकारियों ने क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीयन सुनिश्चित करने, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान कर उनका समुचित प्रबंधन करने तथा स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के रिपोर्ट एवं आंकड़ों में एकरूपता बनाए रखने के निर्देश दिए। दोनों विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने संबंधित जानकारी की समीक्षा करने के लिए कहा गया। क्षेत्र के सभी कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराकर उनका समुचित उपचार एवं नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया के निर्माणाधीन भवन का भी अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने संबंधितों को निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने तथा निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

दिव्यांगों- विधवाओं को हक दिलाने के लिए साइकिल से निकल पड़े देश नापने

उज्जैन।

दिव्यांगों और विधवाओं की समस्याओं ने बिहार के एक युवक को इतना बेचैन कर दिया कि उनका हक दिलाने के लिए वह देश नापने निकल पड़ा। एक पैर से दिव्यांग युवक ने साइकिल यात्रा शुरू की है और इसका समापन दिल्ली में होगा। दरअसल, बिहार के आरा (भोजपुर) के रहने वाले दीपककुमार सिंह खुद एक पैर से दिव्यांग हैं। उन्होंने दिव्यांगों और विधवाओं की परेशानी को बहुत करीब से देखा है। यह दिक्कतें उन्हें मानसिक रूप में व्यथित करती थीं। ऐसे में उन्होंने दिव्यांगों और विधवाओं की परेशानियों को शासन तक पहुंचाने के लिए साइकिल यात्रा शुरू करने का फैसला किया।

सोमनाथ से शुरू, दिल्ली में होगा समापन

दीपक सिंह ने सोमनाथ से दिल्ली की यात्रा शुरू की है। इस बीच वे रास्ते में आने वाले प्रमुख मंदिरों में भी माथा टेकेंगे। 8 सितंबर को वे सोमनाथ से चले थे। 34 दिन का सफर कर सोमवार को उज्जैन पहुंचे। यहां से वे ओंकारेश्वर जाएंगे। वे रोजाना करीब 15 किलोमीटर तक साइकिल चलाते हैं। पूरी यात्रा 1400 किलोमीटर की रहेगी। वे मैट्रिक (दसवीं) पास हैं।



हर शहर में वहां के प्रमुख जनप्रतिनिधि से मिलते हैं दीपक जिस भी शहर में पहुंचते हैं, वहां के प्रमुख जनप्रतिनिधि से मिलते हैं। उज्जैन में भी उन्होंने सांसद अनिल फिरोजिया से मुलाकात की और दिव्यांगों और विधवाओं की समस्या सामने रखी। दिव्यांग और विधवा पेंशन की राशि में इजाफा होना चाहिए। ताकि यह लोग आत्मनिर्भर हो सकें। दिव्यांगों-विधवाओं का सरकारी राशन 5 किलो महीना से बढ़ाकर 35 किलो करना चाहिए, ताकि उनका गुजर-बसर ठीक से हो ।

कैफे में आगजनी और तोड़फोड़, हजारों का नुकसान

उज्जैन। क्षीरसागर इलाके में स्थित सेठ जी कैफे में आगजनी और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। कैफे संचालक ने अनिल मालवीय नाम के एक शख्स पर आग लगाने का संदेह जताया है। आरोप है कि दो दिन पहले पैसों को लेकर हुए विवाद में मारपीट की गई थी और पैसे नहीं देने पर कैफे जलाने की धमकी भी दी गई थी। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है। कैफे संचालक के मुताबिक, वह रात करीब 11 बजे कैफे बंद कर घर चला गया था। अगले दिन सुबह करीब 8 बजे जब वह वहां पहुंचा, तो शटर का निचला हिस्सा उठा हुआ मिला। अंदर जाकर देखने पर काउंटर, सिगरेट के करीब 100 पैकेट, कुर्सी, डीप फ्रीजर का निचला हिस्सा और बिजली की वायरिंग जली हुई मिली। वहीं, कैफे के बाहर लगा सीसीटीवी कैमरा भी टूटा हुआ था। संचालक ने इस घटना में करीब 50 हजार रुपए का नुकसान होने की बात कही है।

सीवर लाइन डाली, सड़क सुधारना भूले जिम्मेदार लोहार पट्टी के पीछे सफाई के भी हाल बेहाल

उज्जैन।

नानाखेड़ा में लोहार पट्टी के पीछे वार्ड 47 की लवकुश नगर सहित आसपास के क्षेत्र में नालियों की साफ-सफाई नियमित नहीं हो रही है। लोग खुद ही नालियों की सफाई करते हैं परंतु कचरा नालियों के बाहर ही पड़ा रहता है। कुछ दिनों में सूखकर वापस नाली में मिल जाता है। यहां कचरागाड़ी तो आती है परंतु कचरा नहीं उठाती। घर का कचरा लोग डालते हैं वही लेकर चली जाती है। क्षेत्र में सीवर लाइन डालने के बाद सड़क की मरम्मत भी नहीं हुई है जिसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है। यही स्थिति गांधी नगर विक्रम एवेन्यू और विक्रम विहार कॉलोनी की भी है। इन कॉलोनियों में 100 से अधिक परिवार रहते हैं। लोगों की शिकायत है कि नवरात्रि में जगह-जगह माताजी की स्थापना हो चुकी है, परंतु यहां नियमित सफाई नहीं होने के कारण कचरे गंदगी के बीच फैली हुई है और माताजी की गंदगी के बीच ही बैठाना मजबूरी बन गया है। रहवासियों ने बताया उन्हें नालियों की सफाई खुद ही करना पड़ती है। यदि खुद सफाई न करें तो नालियां चोक हो जाती हैं और गंदा पानी सड़क पर बहने लगता है। रहवासियों ने बताया नगर निगम और वार्ड पार्षद को शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



गड्ढे भर दिए परंतु सड़क की मरम्मत नहीं की

कॉलोनी में सीवर लाइन बिछाने का काम हुए एक महीने से ज्यादा समय बीत चुका है। सीवर लाइन बिछाने के बाद गड्ढे तो भर दिए परंतु सड़क की मरम्मत नहीं हुई है जिससे कॉलोनी के लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। रहवासियों की शिकायत है कि क्षेत्र में सीवर लाइन बिछाने का काम शुरू करने के बाद अधूरा छोड़कर दूसरी जगह काम शुरू कर देते हैं। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। यदि एक काम पूरा करने के बाद दूसरे स्थान पर काम शुरू किया जाए तो रहवासियों को सुविधा होगी।

स्कूल के पास भी फैली है गंदगी

लवकुश नगर में ही शासकीय माध्यमिक विद्यालय नानाखेड़ा स्थित है। इस स्कूल में 200 से अधिक बच्चे पढने आते हैं परंतु स्कूल के आसपास भी साफ-सफाई नहीं हो रही है। स्कूल के बच्चे भी इसी गंदगी कचरे के बीच से स्कूल आते जाते हैं।

पांच लोडिंग वाहन से 11 टन तांबे का स्क्रैप जब्त, आरोपी गिरफ्तार

उज्जैन। पुलिस ने सोमवार देर रात रणकेश्वर मंदिर के पास ब्रिज के नीचे कार्रवाई करते हुए तांबे के स्क्रैप से भरे पांच लोडिंग वाहन जब्त किए हैं। वाहनों में करीब 11 टन तांबे का स्क्रैप मिला है, जिसकी कीमत करीब 2 करोड़ रुपए बताई गई है। पुलिस ने मामले में इंदौर के पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जब्त वाहनों की कीमत करीब 25 से 30 लाख रुपए अलग बताई गई है। पुलिस के मुताबिक, स्क्रैप पीथमपुर की एक फैक्ट्री से लाकर उज्जैन में खाली किया जाना था। चिमनगंज और पंवासा थाना पुलिस ने सीएसपी जीवाजीगंज के नेतृत्व में कार्रवाई की। पांचों टाटा ऐस वाहनों को रोककर चालकों से माल के बिल, बिल्टी और परिवहन संबंधी दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। इसके बाद चोरी का माल होने के संदेह में स्क्रैप सहित सभी वाहन जब्त कर लिए गए। पुलिस ने पांचों वाहनों का वजन कराया। वाहनों और उनमें रखे माल का कुल ग्रॉस वजन 16,575 किलो आया। पुलिस के अनुसार, इसमें करीब 11 टन तांबे का स्क्रैप था। पुलिस ने स्क्रैप ले जा रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। सुरेश सोलंकी, राहुल चौहान, शंकर झाला, रामकिशन पंवार, विनायक राठौर सभी इंदौर निवासी हैं। पुलिस ने पांचों वाहनों और स्क्रैप को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, पुलिस को वैध परिवहन दस्तावेज नहीं मिलने के कारण माल को चोरी का होने के संदेह में जब्त किया गया है।

जिला स्तरीय मातृ एवं शिशु मृत्यु समीक्षा बैठक आयोजित

'प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर सुधारात्मक कार्यवाही करे'

उज्जैन।

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के अन्तर्गत जिला स्तरीय मातृ एवं शिशु मृत्यु समीक्षा बैठक का आयोजन दिनांक 13 अक्टूबर 2026 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ. विक्रम रघुवंशी के निर्देशन मे जिला स्वास्थ्य अधिकारी-01 डॉ. जितेन्द्र राजपूत की अध्यक्षता मे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन मे किया गया।

बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रविन्द्र कुमार पाल, शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. अनिता भिलवार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. सुनीता शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुपरविन्दर बग्गा, जिला कम्युनिटी मोबिलाईजर अनस कुरेशी, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक दिलीप वसुनिया, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य शाखा प्रभारी श्रीमती सुनीता शर्मा, पब्लिक हेल्थ मैनेजर सांवलिया पाटीदार, बी.पी.एम.. बी.सी.एम., सहित विभिन्न अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित हुवे। बैठक मे निर्देश दिये गये कि, प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर मातृ एवं शिशु मृत्यु रिव्यू की पृथक-पृथक प्रतिमाह बैठक आयोजित कर कार्यवाही करे साथ ही मातृ एवं शिशु मृत्युदर को कम करने हेतु निरन्तर प्रयास कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्तापूर्ण प्रदायगी सुनिश्चित करे एवं जिले मे मातृ एवं शिशु मृत्यु होने पर नियमानुसार चौबीस घंटे के भीतर वरिष्ठ स्तर पर रिपोर्ट करे। जिले में गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत ए.एन.सी. पंजीयन करे व प्रसव पूर्व 4 ए.एन.सी. जांचे भी समय पर करे। हाईरिस्क महिलाओं की सूचि प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था पर चस्पा करें साथ ही हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर पूर्ण निगरानी एवं समुचित प्रबंधन सुनिश्चित करे।



घरेलू टंकी की गैस कमर्शियल में खाली करते पकड़ा गया

उज्जैन। जयसिंह पुरा में पुलिस ने घरेलू गैस टंकी से कमर्शियल टंकी भरते हुए गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आवश्यक वस्तु सेवा अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार जयसिंहपुरा में ज्ञान मंदिर के पीछे फर्जी रूप से कमर्शियल टंकी भरने की सूचना मिली थी। सूचना पर सोमवार शाम करीब 6 बजे दबिश दी। मौके से 3 घरेलू सिलेंडर और एक कमर्शियल सिलेंडर मिले। आरोप हॉकर रामबरन पिता भागीरथ निवासी भिंड के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पूछताछ में स्पष्ट हुआ है कि आरोपी सुरक्षा साधनों के बगैर देसी बेंसी लगाकर घरेलू गैस सिलेंडर की टंकी से कमर्शियल टंकी भर रहा था। एक हजार रुपए कीमत की टंकी से आरोपी तीन हजार रुपए कमा लेते हैं। घरेलू टंकी की कीमत एक हजार रुपए और कमर्शियल टंकी की कीमत 2980 रुपए है। जानकारी के अनुसार इस हेराफेरी में गैस टंकी वितरित करने वाले कई हॉकर शामिल हैं। गैस एजेंसी संचालकों के शामिल होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एजेंसी की टंकियां लगाने के लिए कई हॉकर रुपए के बदले घरेलू टंकियां लेते हैं और कमर्शियल टंकी भरकर बेच लेते हैं। रुपए के बजाय टंकी देने में एजेंसी संचालक को भी लाभ होता है। जानकारी यह भी है कि गरम पानी डालकर कुकिंग गैस टंकी की सील निकालकर घरेलू गैस टंकी की गैस चुराने और वापस सील लगा देने का काम भी होता है।

भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने, निर्देशों का पालन करने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करने से बचने की हिदायत

भीषण हमलों से हालात बदतर

- सऊदी के हालातों को देखते हुए भारतीय दूतावास ने की एडवाइजरी जारी
- रियाद एयरपोर्ट पर सैकड़ों उड़ानों को अनिश्चितकाल के लिए रोक दिया गया

● नई दिल्ली/रियाद

सऊदी अरब में मौजूदा हालात को देखते हुए भारतीय दूतावास ने वहां रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। हूती के लगातार हो रहे हमलों की वजह से यहां रहने वाले भारतीयों को दूतावास ने सतर्क रहने, स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और जरूरी होने पर घरों के अंदर रहने की अपील की है। इसके साथ ही मौजूदा घटनाक्रम से जुड़े वीडियो और खबरों को बिना पुष्टि के सोशल मीडिया पर शेयर करने या रीपोस्ट करने से बचने की सलाह दी है। लगातार हो रहे हमलों से रियाद एयरपोर्ट की उड़ानें बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। हमलों को देखते हुए सऊदी प्रिंस की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एडवाइजरी में दूतावास ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा से जुड़ी जानकारी के लिए स्थानीय अधिकारियों के आधिकारिक माध्यमों पर भरोसा करें। दूतावास के मुताबिक रियाद स्थित भारतीय दूतावास और जेद्दा में भारतीय वाणिज्य दूतावास का कामकाज सामान्य रूप से जारी है। वीएफएस के जरिए दी जाने वाली आउटसोर्स सेवाएं भी पहले की तरह चल रही हैं। जरूरत पड़ने पर आगे नई एडवाइजरी जारी की जाएगी। दूतावास की ओर से स्पष्ट किया गया है कि प्रवासी भारतीय सहायता केंद्र की 24 घंटे चलने वाली हेल्पलाइन सक्रिय है।

सऊदी क्राउन प्रिंस की बढ़ी सुरक्षा



सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को हूती हमलों के बीच कड़ी सुरक्षा वाले महलों के बीच ले जाया जा रहा है। उनके आने-जाने की जानकारी रखने वाले अधिकारियों के मुताबिक, 41 वर्षीय क्राउन प्रिंस नेशनल डोमेस्टिक इवेंट के बाद से लोगों के बीच नहीं दिखे हैं। उनकी सुरक्षा बढ़ाते हुए एक स्पेशल टीम उनकी सुरक्षा कर रही है, क्योंकि यमन के हूती विद्रोहियों से सऊदी अरब की लड़ाई तेज हो गई है और सुरक्षा का खतरा भी बढ़ गया है।

मदद के लिए टोल-फ्री नंबर जारी

सऊदी अरब में रहने वाले भारतीय किसी भी जरूरी मदद के लिए टोल-फ्री नंबर 8002471234 पर संपर्क कर सकते हैं। ताजा जानकारी के लिए भारतीय नागरिकों को दूतावास के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स से जुड़े रहने की सलाह दी गई है। इसी बीच भारत ने रियाद स्थित किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए मिसाइल हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले में 12 लोगों की मौत हुई और 300 से ज्यादा घायल हुए हैं। हमले का असर हवाई अड्डे के उस परिसर पर पड़ा, जहां टर्मिनल 3 और 4 स्थित हैं। इन टर्मिनलों का इस्तेमाल घरेलू उड़ानों के लिए किया जाता है।

सऊदी अरब में हवाई सेवाएं ठप

हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के प्रमुख किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट और दम्माम एयरपोर्ट पर ताबड़तोड़ मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। इन घातक हमलों में कम से कम 18 लोगों की जान चली गई और सैकड़ों घायल हुए हैं, जिसके बाद सुरक्षा खतरों को देखते हुए रियाद एयरपोर्ट पर उड़ानों को अनिश्चितकाल के लिए रोक दिया है। हूतियों के लगातार हमलों और सुरक्षा चिंताओं के कारण, दुनिया भर की प्रमुख एयरलाइंस ने सऊदी अरब के लिए अपनी विमान सेवाएं रोक दी हैं। आंकड़ों के मुताबिक एक दिन रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली या लैंड होने वाली करीब 300 फ्लाइट्स को अचानक रद्द करना पड़ा। सबसे ज्यादा असर सऊदी की राष्ट्रीय एयरलाइन 'सऊदीया' और बजट एयरलाइन 'फ्लायनास' पर पड़ा है। इन हमलों के बाद सऊदी अरब ने हूतियों से 'भयानक बदला' लेने का ऐलान किया है।

मिडिल ईस्ट में तनाव के बीच एनएसए डोभाल ने ईरान से की चर्चा

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच ईरान से महत्वपूर्ण बातचीत की है। उन्होंने ईरान के एनएसए मोहसिन रेजाई के साथ फोन पर चर्चा की। इसकी जानकारी नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा की। ईरानी दूतावास द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव मोहसिन रेजाई और एनएसए डोभाल ने इस दौरान मिडिल ईस्ट की वर्तमान स्थिति, आपसी हितों, और नवीनतम क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। भारत और ईरान के बीच पारंपरिक रूप से मजबूत संबंध रहे हैं, हालांकि मौजूदा भू-राजनीतिक उथल-पुथल के कारण व्यापारिक गतिविधियों पर कुछ असर पड़ा है। हाल की यह बातचीत मुख्य रूप से क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा पर केंद्रित रही। यह बातचीत ईरान के भारत में राजदूत मोहम्मद फताली के उस बयान के कुछ ही दिनों बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि तेहरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के बीच थ्रिसस रिस्दर सम्मेलन के दौरान तय हुए मुद्दों पर गंभीरता से काम कर रहा है। पिछले महीने हुई इस मुलाकात के बाद सहयोग से जुड़े मामलों में प्रगति पर राजदूत ने बताया था कि ईरानी राष्ट्रपति ने इस पर तुरंत कार्रवाई की है, जो दोनों देशों के बीच संबंधों की गहराई को दर्शाता है।

भारत के लोकतंत्र में खुलकर बहस करने की आजादी : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की लोकतांत्रिक विविधता का जिक्र करते हुए कहा कि यहां 100 से ज्यादा भाषाएं हैं, लगभग 80,000 पंजीकृत अखबार और प्रकाशन हैं, और 1,000 से अधिक सैटेलाइट टीवी चैनल्स हैं। इसके अलावा, भारत में 500 मिलियन से अधिक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता हैं। उन्होंने बताया कि भारत में अलग-अलग मुद्दों पर खुलकर बहस होती है और विभिन्न दृष्टिकोणों पर जनता चर्चा करती है। मंगलवार को आयोजित 'न्यू डेकॉनमी फोरम' को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि भारत को लोकतंत्र की जननी बताया और जोर दिया कि शक्ति का असली मूल्य उसके उद्देश्य में निहित है, जिसे समझना 21वीं सदी में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने 'दुनिया भर से आए डेलीगेट्स, बिजनेस और इंडस्ट्री के लीडर्स, पॉलिसी मेकर्स, और मेरे साथियों' का भारत में स्वागत किया।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का भारत में पहली बार आयोजन हो रहा है और यह सही समय पर, सही जगह पर हो रहा है। पीएम ने कार्यक्रम आयोजकों को इस निर्णय के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि हर साल यह फोरम दुनिया भर के बेहतरीन विचारकों को एक साथ लाता है, जहां अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और वैश्विक मामलों पर गहन विमर्श होता है। इस वर्ष के फोरम की थीम 'दुनिया में उभरती नई पावर्स' पर केंद्रित है।



प्रधानमंत्री ने विकसित मॉडलों की भी चर्चा की

प्रधानमंत्री ने 21वीं सदी में शक्ति की बदलती परिभाषा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, आज तकनीक पावर है। डेटा पावर है। नॉलेज पावर और इनोवेशन पावर है। हालांकि, असली सवाल यह नहीं है कि पावर किसके पास है, बल्कि यह है कि इसका उपयोग कैसे हो रहा है। उन्होंने पूछा कि क्या तकनीक केवल कुछ लोगों को आगे बढ़ाएगी या करोड़ों लोगों के लिए नए अवसर बनाएगी? क्या ज्ञान केवल कुछ लोगों की ताकत बना रहेगा या सबकी क्षमता बढ़ाएगा? प्रधानमंत्री ने भारत द्वारा विकसित मॉडलों की भी चर्चा की।

फटाफट खबरें

यूपी चुनाव फरवरी में कराने पर मंडराया संकट

उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव फरवरी 2027 में कराने की पिछली परंपरा पर इस बार संकट मंडरा गया है। सोमवार को यूपी बोर्ड द्वारा हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित किए जाने के बाद यह स्थिति उत्पन्न हुई है। बोर्ड ने अपनी परीक्षाएं 5 फरवरी से 24 फरवरी तक आयोजित करने का फैसला किया है, जो संभावित चुनावी कार्यक्रम से सीधे टकरा रही हैं। ऐसे में दोनों बड़े आयोजनों को एक साथ कराना संभव नहीं दिख रहा है। पिछली बार उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव फरवरी-मार्च में हुए थे, जिसने मतदान 10 फरवरी से 7 मार्च तक चला था और नतीजे 10 मार्च को घोषित हुए थे। यदि इस बार भी विधानसभा चुनाव फरवरी में ही कराने का पैटर्न होता है, तो बोर्ड परीक्षाओं को लगभग दो महीने तक टालना पड़ेगा और एक नया कार्यक्रम जारी करना होगा।

बांग्लादेश का मोंगला पोर्ट पर चीन से करार

बांग्लादेश ने अपनी दक्षिण-पश्चिमी सीमा पर स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मोंगला पोर्ट के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए चीन के साथ एक बड़े रियायती ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब करीब एक साल पहले नोबेलमय यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने मोंगला बंदरगाह के पास प्रस्तावित भारतीय आर्थिक क्षेत्र परियोजना को रद्द कर दिया था। अब तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बीएनपी सरकार ने चीन का हाथ थाम लिया है, जिसे भारत के लिए एक कूटनीतिक और आर्थिक झटका माना जा रहा है।

ट्रंप बोले- मैंने रूस-यूक्रेन शांति डील कराई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए प्रस्तावित शांति समझौते को लेकर एक बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि उनकी पहल के कारण इस डील पर सहमति बन गई थी। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेन्स्की की तुलना में युद्ध समाप्त करने के लिए एक समझौते पर पहुंचने के लिए अधिक उत्सुक दिखते हैं। ओहायो में एक चुनाव प्रचार रैली के लिए जाने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि नॉल्ज़को और कीव, दोनों ने सार्वजनिक रूप से किसी समझौते की पुष्टि नहीं की, लेकिन उनकी जानकारी के अनुसार इस व्यवस्था पर सहमति बन गई थी। उन्होंने जोर देते हुए कहा, हां, वे सहमत हो गए, जानते हैं क्यों? मैंने कहा कि आप सहमत हों।

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन में दो फाड़

अध्यक्ष प्रदीप राय और वरिष्ठ अधिवक्ता मलिक के बीच बहस

नई दिल्ली

ईएमएस सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने मुख्य न्यायाधीश का इस्तीफा नहीं मांगने का प्रस्ताव पारित किया था। इस इस्तीफे के प्रस्ताव को लेकर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन में सुप्रीम कोर्ट की विवाद गहरा गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप राय और वरिष्ठ अधिवक्ता बलराज मलिक के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इस घटनाक्रम के बाद एसोसिएशन के सदस्यों के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं।

जानकारी के अनुसार, बलराज मलिक ने अध्यक्ष प्रदीप राय से सवाल किया, उन्होंने किस हैसियत से यह संकल्प पारित किया है. सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन का कोई भी सदस्य भारत के मुख्य न्यायाधीश का इस्तीफा नहीं मांगेगा। मलिक ने संकल्प को निरस्त करने की मांग की है।

इस मुद्दे पर अध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ताओं और अन्य सदस्यों के बीच तीखी बहस हुई। माहौल तनावपूर्ण हो गया। बहस के बाद अध्यक्ष प्रदीप राय वहां से चले गए। इस घटनाक्रम के बाद एसोसिएशन के भीतर मतभेदों को उजागर कर दिया है। विवाद के केंद्र में संकल्प पारित करने की प्रक्रिया और अध्यक्ष के अधिकारों को लेकर उठाए गए सवाल हैं।

राहुल-दीपके के प्रदर्शनों से परेशान भाजपा कर रही बड़ी तैयारी

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली की सड़कों पर 6 अक्टूबर से ही प्रदर्शनों का माहौल है, जिनके केंद्र में चुनाव आयोग, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसआईआर प्रक्रिया हैं। इन प्रदर्शनों की अगुवाई अभिजीत दीपके की कॉकरोच जनता पार्टी और कांग्रेस जैसे दल कर रहे हैं। इन सभी की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ लगातार हलचल जारी है।

खबरें हैं कि इन प्रदर्शनों से निपटने के लिए भाजपा की अगुवाई वाली एनडीए सरकार बड़ी तैयारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार, पार्टी प्रदर्शकारियों से बात करने की कोशिश के लिए तैयार है, जिनमें छात्र और युवा भी शामिल हैं। हालांकि, इसे लेकर सरकार ने आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि भाजपा मौजूदा हालात से निपटने के लिए कई तरह की रणनीतियों पर काम कर रही है, हालांकि पार्टी ने औपचारिक रूप से अगले कदम को लेकर कोई घोषणा नहीं की है।



प्रदर्शनकारियों को हटाने में दिखाया संयम

देश का कानून स्पष्ट है और सभी पर समान रूप से लागू होता है। सरकार इसके प्रावधानों को ही लागू कर रही है कि सभी काम तय प्रक्रिया के तहत ही होने चाहिए। इनमें सड़कों पर प्रदर्शन और चुनाव आयुक्त को हटाए जाने का सवाल भी शामिल है, जिसे सिर्फ महाभियोग के जरिए ही किया जा सकता है। पार्टी के एक सूत्र ने यह भी बताया कि एक ओर जहां चुनाव आयोग ने एसआईआर के मुद्दे पर स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश की है, वहीं सरकार ने नई दिल्ली के संवेदनशील इलाकों से प्रदर्शनकारियों को हटाने में संयम दिखाया है।

भाजपा ने दिल्ली के मौजूदा हालात से राजनीतिक रूप से निपटने की तैयारी की है। इस दौरान उसके निशाने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी बताए जा रहे हैं। हालांकि, इसे लेकर किसी भाजपा नेता ने सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। बताया जा रहा है कि भाजपा चुनाव आयोग से जुड़े मामलों की एक फैक्ट शीट प्रदर्शित करने की तैयारी कर रही है।

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करते पकड़े गए आशुतोष-सौरव

नई दिल्ली(ईएमएस)। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने गुरुवार चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ अपने विरोध को तेज करते हुए दिल्ली में प्रदर्शन किया। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे, पार्टी के नेता आशुतोष शंका और सौरव दास अपने कुछ साथियों के साथ दिल्ली के जंतर-मंतर पहुंचे और प्रदर्शन शुरू किया, जिसके तुरंत बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। आशुतोष शंका और सीजेपी द्वारा साझा किए गए वीडियो में ये समर्थकों के साथ 'ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो' के नारे लगाते और पुलिस द्वारा पकड़े जाते हुए दिख रहे हैं। यह प्रदर्शन ऐसे समय में हुआ है जब सरकार ने जंतर मंतर को प्रदर्शन स्थलों की सूची से हटा दिया है, जिस पर सीजेपी ने अपनी कड़ी नाराजगी जताई है। सीजेपी के अभिजीत दीपके ने इस कदम को प्रधानमंत्री का डर बताया।

व्यापार

सोना-चांदी में गिरावट



इंदौर। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच स्थानीय सराफा बाजार में दोनों कीमती धातुओं के भाव में गिरावट दर्ज की गई। सोना एक दिन पहले के मुकाबले 900 रुपये और चांदी 1500 रुपये सस्ती रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 4217 डॉलर के उच्च स्तर और 4168 डॉलर के निचले स्तर तक पहुंचा। वहीं, चांदी 61.44 डॉलर के उच्च स्तर और 60.46 डॉलर के निचले स्तर पर रही।

इंदौर सराफा- सोना केडबरी रवा नकद 148900, सोना आरटीजीएस में 147600 (जीएसटी अतिरिक्त), सोना 22 कैरेट 135300 (जीएसटी अतिरिक्त) रुपये प्रति दस, चांदी चौरसा 224200, चांदी आरटीजीएस 218200, चांदी टंच 225000, रुपये प्रति किलो, चांदी सिक्का 2430 रुपये प्रति नग।

कम पैदावार और सीमित स्टॉक से तुवर में तेजी, सरकारी स्टॉक और आयात पर नजर

इंदौर। दाल मिलों की मजबूत मांग और तुवर की सीमित उपलब्धता के कारण कीमतों में तेजी का रुख बना हुआ है। खपत का सीजन शुरू होने से तुवर दाल की मांग बढ़ सकती है। वहीं, मंडियों में पुराना स्टॉक कम होने से भी कीमतों को सहारा मिल रहा है। चालू खरीफ सीजन में महाराष्ट्र और कर्नाटक में सामान्य से कम बारिश होने के कारण तुवर की फसल प्रभावित होने की आशंका है। मौसम की प्रतिकूल स्थिति और नई फसल की आवक में देरी से बाजार में आपूर्ति सीमित रह सकती है। बाजार जानकार इस सीजन में तुवर उत्पादन में 25 से 30 प्रतिशत तक गिरावट का अनुमान लगा रहे हैं। हालांकि, उत्पादन में वास्तविक कमी का पता फसल की स्थिति और कटाई के बाद ही चल सकेगा। केंद्र सरकार के केंद्रीय पूल में करीब 10 लाख टन तुवर का स्टॉक बताया जा रहा है। बाजार में इसकी आपूर्ति से कीमतों की दिशा प्रभावित हो सकती है।

दूसरी ओर, अफ्रीकी देशों में भी तुवर उत्पादन घटने की आशंका है। यदि वहां पैदावार कम होती है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में उपलब्धता घट सकती है। इससे भारत में आयातित तुवर की आपूर्ति और लागत पर असर पड़ने की संभावना है। कुल मिलाकर, कमजोर उत्पादन की आशंका, मंडियों में सीमित स्टॉक, नई फसल की आवक में देरी और दाल मिलों की मजबूत मांग से तुवर बाजार को समर्थन मिल रहा है। इन परिस्थितियों में आगे भी कीमतों में तेजी की संभावना बनी हुई है। हालांकि, वास्तविक रुख फसल उत्पादन, सरकारी स्टॉक और आयात की स्थिति पर निर्भर करेगा।

दलहन- इंदौर चना काँटा 7600-7700 विशाल 7550-7625 डंकी चना 6300-6800 मसूर 6100 -6150 महाराष्ट्र सफेद 10000-10300 महाराष्ट्र लाल 10500-10700 कर्नाटक 10500-10900 निमारी तुवर 7700-9900 मूंग बेस्ट गर्मी 8400-8700 मूंग बेस्ट बोल्ड 8800-9000 मोगर 5500 - 7500 उड़द बोल्ड 9800-10200 उड़द मीडियम 6000-8500 हल्का 4000-6000 काबुली डॉलर 9400-10500 काबुली रशियन 8000-8200 बिटकी 7200-7500 रुपए क्विंटल।


दालें- चना दाल 9200-9300, मीडियम 9500-9700, बेस्ट 10100-10300, मसूर 7900-8000, बेस्ट 8100-8200, मूंग दाल 10300-10400, बेस्ट 10500-10600 मूंग मोगर 12300-12400, बेस्ट 12500-12600, तुवर दाल 10500-10600, मीडियम 11400-11500, बेस्ट 12900-13200, ए.बेस्ट 14100-14300, ब्रांडेड तुवर दाल 15700, उड़द दाल 11600-11700, बेस्ट 11800-11900, उड़द मोगर 12800-13000 बेस्ट 13100-13300, रुपये प्रति क्विंटल।

गेहूं- मिल क्वालिटी 2500-2700, लोकवन 2700-3200, मालवराज 2800-2825, पूर्णा 2700-2900, मक्का 2300-2360 रुपए क्विंटल

इंदौर चावल-बासमती (921) 12000-13000, तिबार 10500-11500, बासमती दुवार पोनिया 9500-10000, मिनी दुवार 8000-8500, मोगरा 5000-7000, बासमती सेला 7500-9500 कालीमूंछ डिनरकिंग 9000, राजभोग 7500, दुवराज 4500-5500, परमल 3400-3500, हंसा सेला 3500-3700, हंसा सफेद 2900-3100, पोहा 4500-5100 रु. क्विंटल।

वैश्विक तिलहन उत्पादन घटकर 72.22 करोड़ टन रहने का अनुमान

इंदौर। दुनिया में तिलहन उत्पादन 72.22 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह सितंबर की रिपोर्ट में लगाए गए 72.346 करोड़ टन के अनुमान से करीब 12.6 लाख टन कम है। अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) के अनुसार, सीजन के अंत में वैश्विक तिलहन का बचा हुआ स्टॉक घटकर 14.631 करोड़ टन रहने का अनुमान है। वहीं, तिलहनों का वैश्विक व्यापार बढ़कर 22.162 करोड़ टन और कुल उपयोग बढ़कर 61.189 करोड़ टन होने की संभावना है। कुछ देशों में तिलहनों की खपत बढ़ने का अनुमान है।



पाम तेल उत्पादन में कटौती-यूएसडीए ने इंडोनेशिया में पाम तेल उत्पादन का अनुमान 22 लाख टन घटाकर 450 लाख टन कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, वहां पिछले कई महीनों से मौसम शुष्क बना हुआ है। आगे भी अल नीनो का असर बने रहने की आशंका है, जिससे ऑयल पाम की उत्पादकता प्रभावित हो सकती है। कूड पाम तेल (सीपीओ) के वैश्विक उत्पादन अनुमान में भी 25 लाख टन की कटौती की गई है। इसके चलते वैश्विक स्तर पर पाम तेल का बचा हुआ स्टॉक घटकर 2017-18 सीजन के बाद सबसे निचले स्तर पर पहुंचने की संभावना है।

खाद्य तेल- मूंगफली तेल इंदौर 1740-1760, मुंबई मूंगफली तेल 1760, इंदौर सोयाबीन तेल रिफाइंड 1435-40, इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 1370-75, इंदौर पाम तेल 1505, मुंबई सोया रिफाइंड 1460 मुंबई पाम तेल 1450 राजकोट तेलिया 2715, गुजरात लूज 1725, कपास्या तेल इंदौर 1500 रुपये प्रति दस किलो।

तिलहन- सरसो निमाड़ी (बारीक)9100 रायडा 7600-7800 सोयाबीन 6200-6500 रुपए क्विंटल।

कपास्या खली-(60 किलो भरती) इंदौर 2490, देवास 2490, उज्जैन 2490, खंडवा 2475, बुरहानपुर 2475, अंकोला 3350 रुपये।

जो रूट तोड़ सकते हैं सचिन के टेस्ट रिकॉर्ड, लेकिन इन 5 विश्व रिकॉर्ड्स तक पहुंचना मुश्किल

नई दिल्ली।

34,357 इंटरनेशनल रन, एक साल में 1,894 वनडे रन और 24 साल का करियर; सचिन तेंदुलकर के कई रिकॉर्ड आज भी चुनौती बने हुए हैं



क्रिकेट के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम इंटरनेशनल क्रिकेट में ऐसे कई रिकॉर्ड दर्ज हैं, जिन्हें तोड़ना किसी भी खिलाड़ी के लिए बड़ी चुनौती है। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन और शतक के मामले में सचिन के रिकॉर्ड के करीब पहुंच रहे हैं। हालांकि, सचिन के कुछ ऐसे विश्व रिकॉर्ड भी हैं, जिन तक पहुंचना मौजूदा क्रिकेट में बेहद मुश्किल नजर आता है।

वनडे में एक कैलेंडर ईयर में 1,894 रन

सचिन तेंदुलकर ने 1998 में वनडे क्रिकेट में 1,894 रन बनाए थे। उन्होंने 33 पारियों में नौ शतक लगाए थे। वनडे क्रिकेट के कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा रन बनाने का यह रिकॉर्ड आज भी उनके नाम है। मौजूदा दौर में वनडे मैचों की सीमित संख्या को देखते हुए इस रिकॉर्ड को तोड़ना बड़ी चुनौती है।

इंटरनेशनल क्रिकेट में 4,340 बाउंड्री

सचिन ने अपने इंटरनेशनल करियर में कुल 4,340 बाउंड्री लगाईं, जिनमें 4,076 चौके और 264 छक्के शामिल हैं। लंबे करियर और तीनों फॉर्मेट में लगातार रन बनाने की उनकी क्षमता ने इस रिकॉर्ड को खास बनाया। इतनी बड़ी संख्या में बाउंड्री तक पहुंचने के लिए किसी बल्लेबाज को लंबे समय तक शानदार प्रदर्शन करना होगा।

इंटरनेशनल क्रिकेट में 34,357 रन

सचिन तेंदुलकर ने टेस्ट, वनडे और टी-20 इंटरनेशनल मिलाकर कुल 34,357 रन बनाए। यह इंटरनेशनल क्रिकेट में किसी बल्लेबाज के सर्वाधिक रन हैं। विराट कोहली और जो रूट जैसे दिग्गज बल्लेबाज भी इस आंकड़े से पीछे हैं। तीनों फॉर्मेट में लंबे समय तक खेलकर इतने रन बनाना किसी भी खिलाड़ी के लिए कठिन चुनौती है।

28 बार नर्वस नाइंटीज का शिकार

सचिन के नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड भी दर्ज है। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में 28 बार 90 से 99 रन के बीच आउट हुए। क्रिकेट में इस स्थिति को नर्वस नाइंटीज कहा जाता है। यह आंकड़ा बताता है कि सचिन कितनी बार शतक के करीब पहुंचे, लेकिन उसे पूरा नहीं कर सके।

24 साल का करियर और 664 इंटरनेशनल मैच

सचिन तेंदुलकर का इंटरनेशनल करियर करीब 24 साल तक चला। इस दौरान उन्होंने 664 इंटरनेशनल मैच खेले। इतने लंबे समय तक फिटनेस, फॉर्म और निरंतरता बनाए रखना किसी भी खिलाड़ी के लिए बड़ी उपलब्धि है। आज क्रिकेट का व्यस्त कार्यक्रम होने के बावजूद इस आंकड़े तक पहुंचना आसान नहीं है।

सचिन तेंदुलकर ने अपने करियर में न सिर्फ रन और शतक बनाए, बल्कि लंबे समय तक क्रिकेट के सर्वोच्च स्तर पर प्रदर्शन करके मिसाल कायम की। जो रूट टेस्ट क्रिकेट में उनके कुछ रिकॉर्ड तोड़ने की दौड़ में जरूर हैं, लेकिन सचिन के इंटरनेशनल रन, बाउंड्री और मैचों से जुड़े आंकड़े अब भी क्रिकेट इतिहास के सबसे बड़े रिकॉर्ड्स में शामिल हैं।

अक्षय ने आश्रम 4 के लिए जयपुर शेड्यूल शुरू किया



अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म लव लांटरी में अपने अभिनय के लिए अच्छा रिस्पांस मिलने के बाद अक्षय ओबेरॉय अब अपने अगले प्रोजेक्ट आश्रम 4 पर ध्यान दे रहे हैं। अभिनेता ने इस चर्चित सीरीज के चौथे सीजन की शूटिंग के लिए जयपुर शेड्यूल शुरू कर दिया है।आश्रम 4 के लिए अक्षय तीसरी बार शूटिंग कर रहे हैं। जयपुर में शूटिंग फिलहाल जारी है, जहां अक्षय बाकी कलाकारों के साथ शामिल हो गए हैं। पूरी टीम नए सीजन की शूटिंग में जुटी हुई है।प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने बताया, 'जयपुर में शूटिंग चल रही है और अक्षय बाकी कलाकारों के साथ जुड़ गए हैं। आश्रम 4 के लिए यह उनका तीसरा शूटिंग शेड्यूल है। उनके किरदार और उसे निभाने के उनके अंदाज से इस सीजन में एक नई ऊर्जा देखने को मिलेगी। हम यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि यह सब पर्दे पर किस तरह सामने आता है। '

मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के मौके पर अभिनेता अर्जन बाजवा ने मानसिक स्वास्थ्य, अपनी भावनाओं को जाहिर करने और लोगों की लगातार नजरों में रहने के दबाव पर बात की। रुस्तम, फैशन और कबीर सिंह जैसी फिल्मों में नजर आ चुके अर्जन का मानना है कि मानसिक शांति बनाए रखने के लिए अपनी भावनाओं को समझना और खुद के प्रति संवेदनशील होना जरूरी है।अर्जन ने कहा, 'मुझे लगता है कि लोग अंदर से ठीक न होने के बावजूद यह कहना पसंद करते हैं कि वे ठीक हैं। आमतौर पर कोई भी खुद को कमजोर या भावनात्मक रूप से असहाय दिखाना नहीं चाहता।

सात जोड़ियाँ, बेशुमार पंगे!



'धमाल विद पति पत्नी और पंगा - जोड़ियों का रियलिटी चेक' के दूसरे और पहले से भी बड़े सीजन के साथ लौट आया है। परफेक्ट कपल गोल्स से आगे बढ़ते हुए और शादीशुदा जिंदगी की खूबसूरत अव्यवस्था को केंद्र में रखते हुए, यह शो सात सेलिब्रिटी जोड़ियों को एक मंच पर लेकर आता है और मस्ती, नोक झोंक, सरप्राइज, खुलासों और बेशक ढेर सारे पंगों के जरिए उनके रिश्तों की असली परीक्षा लेता है। इस पंगेबाज़ी की कमान एक बार फिर सोनाली बेंद्रे बहल और मुनव्वर फारुकी संभाल रहे हैं, जो होस्ट के रूप में वापसी कर रहे हैं। सोनाली का सहज आकर्षण और मुनव्वर की चुटीली हाज़िरजवाबी मिलकर शो की नोक झोंक को और भी दिलचस्प बनाए रखते हैं, क्योंकि वे कपल गोल्स से परे जाकर जोड़ियों की पर्सनैलिटी, उनकी खास आदतों और आपसी समीकरणों को सामने लाते हैं।

गुलरुख का किरदार खास है



कृतिका कामरा हमेशा से ऐसे महिला किरदार निभाना पसंद करती आई हैं, जिन्हें आसानी से किसी एक पहचान या सोच में नहीं बांधा जा सकता। वह ऐसे किरदार चुनती हैं, जिनमें कई तरह की भावनाएं, अपनी फैसले लेने की ताकत और अंदरूनी मजबूती देखने को मिलती है। उनके अब तक के काम में ऐसी महिलाएं नजर आई हैं, जो पुरानी सोच को चुनौती देती हैं और मुश्किल भावनात्मक और सामाजिक परिस्थितियों का सामना करती हैं। मटका किंग में गुलरुख का किरदार भी इसी कड़ी का हिस्सा है।सीजन 1 में गुलरुख के किरदार के लिए काफी तारीफें मिलने के बाद कृतिका अब दूसरे सीजन में एक बार फिर इस किरदार में नजर आएंगी। इस बार कहानी में गुलरुख की भूमिका और भी अहम होने वाली है। कृतिका के लिए गुलरुख की खास बात यह है कि उसकी ताकत को आम तरीके से नहीं दिखाया गया है।

उर्वशी का संगीत की दुनिया में दांव!



उर्वशी रौतेला अब इलेक्ट्रॉनिक डांस म्यूजिक की दुनिया में अपनी आवाज का जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। अपने रिकॉर्ड Heart Controller के जरिए वह फुल-लेंथ श्वास्रूरूचना में लीड वोकलिस्ट के रूप में सामने आई हैं। इस प्रोजेक्ट को बॉलीवुड और अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक संगीत के संगम की दिशा में एक खास पहल माना जा रहा है।उर्वशी के मुताबिक, श्वास्रूके प्रति उनका आकर्षण लंबे समय से रहा है और वह इस शैली में अपनी अलग पहचान बनाना चाहती थीं। उन्होंने बताया कि गीत में 'उर्वशी' और 'रौतेला' नाम को भारतीय संस्कृति, परंपरा और अपनी पहचान से जोड़ने का प्रयास किया गया है।

W.i.S.H. ने शुरू किया नया अध्याय



भारत का अपना गर्ल ग्रुप W.i.S.H. वापस आ गया है और इस बार वे अपने साथ प्यार के दो बिल्कुल अलग पहलू लेकर आई हैं। चार सदस्यों वाले इस ग्रुप-री, जो, सिम और सुची-ने 'कसूर' और 'दूरी' के साथ वापसी की है। ये दोनों गाने एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं, जो किसी की चाहत बनने के रोमांच से लेकर कुछ खोने के दर्द तक का सफर तय करते हैं। जहां 'कसूर' अपने ऑडियो और वीडियो दोनों के साथ रिलीज हुआ है, वहीं 'दूरी' इस कहानी में एक गहरा और आत्म-चिंतन वाला पहलू जोड़ता है। मिकी मैकलियरीद्वारा निर्मित, 'कसूर' उस एहसास को बयां करता है जब आपको पता चलता है कि कोई आप पर पूरी तरह से फिदा है और आपके जादू में कैद है।

टीवी सीरीज 'ब्रेकिंग बैड' स्टार आरजे मिट्टे का 34 साल की उम्र में निधन, फैंस सदमे में



नाना पाटेकर के निधन के अब सिने प्रेमियों को एक और दुख मिला। हॉलीवुड के मशहूर टीवी सीरीज 'ब्रेकिंग बैड' में वाल्टर व्हाइट जूनियर का किरदार निभाकर दुनिया भर में पहचान बनाने वाले स्टार आरजे मिट्टे का 34 साल की उम्र में निधन हो गया। इस खबर ने उनके फैंस और मनोरंजन जगत में शोक की लहर है। उनका निधन सोमवार को ब्राउन्सविले, टेक्सास में हुआ उनके भारतीय फैंस इस बात से परेशान हैं कि जवां एक्टर को आखिर ऐसा क्या हुआ कि अचानक उनकी मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आरजे मिट्टे सिर्फ अपनी एक्टिंग के लिए ही नहीं, बल्कि दिव्यांग लोगों के हक में आवाज उठाने के लिए भी जाने जाते थे। वह चाहते थे कि फिल्मों और टीवी की दुनिया में दिव्यांग लोगों को भी बराबर मौके मिलें उनके निधन की खबर देते हुए उनके करीबियों ने उन्हें एक प्यारा इंसान, समाजसेवी और दिव्यांग लोगों को मदद करने वाला शख्स बताया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 1:30 बजे आरजे मिट्टे को मृत घोषित किया गया।

हनुमान की अब तक की सबसे बड़ी लड़ाई की शुरुआत

'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का ट्रेलर जारी कर दिया है। इसके साथ ही दर्शकों के पसंदीदा शोज में से एक का अब तक का सबसे बड़ा अध्याय सामने आया है। ग्राफिक इंडिया द्वारा निर्मित और शरद देवराजन के सह-निर्माण में तैयार इस सीजन का प्रीमियर 23 अक्टूबर को दशहरे के समाह में होगा। नए सीजन में लंका का युद्ध अपने सबसे निर्णायक और भयावह मोड़ पर पहुँचता है, जहाँ रावण अब तक के अपने सबसे शक्तिशाली रूप में सामने आता है। वानर सेना के शिविर में निराशा छाने लगती है, तभी हनुमान उस एक अस्त्र की तलाश में निकल पड़ते हैं, जो रावण का हमेशा के लिए अंत कर सकता है। लेकिन अंतिम अस्त्र की यह खोज जल्द ही उन्हें युद्धभूमि से बहुत आगे, समय के अलग-अलग पड़ावों तक ले जाती है। इस यात्रा में वे भगवान राम के अतीत के उन अनजाने पहलुओं और मृत्यु के साम्राज्य तक पहुँचते हैं, जिनसे अब तक पर्दा नहीं उठा था। इसी दौरान हनुमान एक ऐसे रहस्य से पर्दा उठाते हैं, जो सब कुछ बदलकर रख देगा– उनकी दिव्यता का वास्तविक स्वरूप और उनकी असीम शक्ति।



रूपाली की साड़ियों का जादू



अभिनेत्री और फैशन प्रेमी रूपाली सूरी अपने खूबसूरत साड़ी लुक्स से इस फेस्टिव सीजन में एथनिक फैशन का रंग जमाती नजर आ रही हैं। लाल, पीच, हरे और नारंगी जैसे आकर्षक रंगों से सजी उनकी साड़ियां पारंपरिक खूबसूरती और मॉडर्न स्टाइल का शानदार संगम पेश करती हैं।रूपाली के अंदाज की खासियत है कि हर रंग अपनी अलग कहानी कहता है। लाल रंग त्योहारों के उत्साह को दर्शाता है, पीच सौम्यता का एहसास कराता है, हरा ताजगी बिखेरता है और नारंगी रंग में उत्सव की ऊर्जा झलकती है। वहीं, सिल्क साड़ियों की शाही चमक उनके लुक्स में क्लासिक एलिगेंस जोड़ती है।

अलग भावना के साथ वापस लौटे हैं तलविंदर



आस्से-पास्से के साथ दुनिया के सामने आने के बाद तलविंदर अपने दूसरे ट्रैक मंगदा वापिस क्यों में एक बिल्कुल अलग भावना के साथ वापस लौटे हैं जो उनकी ईपी पेंटेड फीलिंग्स का हिस्सा है। किडजेनेस्ट के सहयोग से बना यह गाना उस पल को बयां करता है जब कोई आपको छोड़कर जाने के बाद अचानक आपकी जिंदगी में वापस आना चाहता है। चाहे उन्हें अपनी गलती का एहसास हो गया हो, वे सच में आपको याद कर रहे हों या बस आपको भूल न पा रहे हों; यह गाना उन दो लोगों की कशमकश को दर्शाता है जो यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या अब उनके बीच कुछ बाकी रह गया है।तलविंदर के लिए, यह गाना उन महिलाओं को भी समर्पित है, जिन्हें अक्सर ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ता है। वह बताते हैं, 'मुझे लगता है कि हम सभी ने ऐसे इंसान को देखा है, जो अपनी गलती का एहसास होने के बाद वापस आता है। कभी-कभी वे सच में आपको याद करते हैं, तो कभी-कभी यह बस उस चीज को पाने की जिद होती है जो अब उनकी नहीं हो सकती।

रामायणम् के मेकर्स ने नए पोस्टर्स किए आउट

मेकर्स द्वारा शेयर किए गए पोस्टर्स में एक जगह राजा दशरथ राम को आशीर्वाद देते हुए दिखाई दे रहे हैं जबकि दूसरी तरफ राम को नदी के पानी में अर्थों की राख विसर्जित की गंभीर रस्म निभाते हुए नजर आ रहे हैं । यह पोस्टर्स इस महाकाव्य के दिल में छिपी भावनात्मक सफर की झलक पेश करते हैं। नमित मल्होत्रा की 'रामायणम' के मेकर्स ने एक-एक कर के किरदारों और फिल्म की अनोखी दुनिया की झलक को सामने लाकर दर्शकों में बेसब्री का माहौल बनाए रखा है। इतना ही नहीं इस सिलसिले को बनाए रखते हुए मेकर्स ने महाकाव्य के अहम किरदारों के बीच के रिश्तों पर भी ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया है। मेकर्स ने लारा दत्ता के रानी कैकेयी और शीबा चड्ढा के मंथरा के अवतार में पोस्टर्स को शेयर करने



के बाद, अब अरुण गोविल के राजा दशरथ और उनके बेटे भगवान राम के रूप में रणबीर कपूर का नया पिता पुत्र के बीच भावनात्मक जुड़ाव दर्शाने वाले पोस्टर्स शेयर कर दिए हैं। पहले पोस्टर में पिता और पुत्र के बीच के एक बेहद खास पल को दिखाया गया है, जिसमें राजा दशरथ राम को आशीर्वाद दे रहे हैं और राम घुटने टेके उनके सामने मौजूद हैं। यह सीन उनके रिश्ते की गर्माहट को तो दिखाता ही है, साथ ही उस वादे और कर्तव्य के मायने को भी दिखाता है जो उनकी भाग्य को तय करेंगे। वहीं, बात करें दूसरे पोस्टर की तो उसमें राम को नदी के पानी में खड़े होकर अस्थि विसर्जन की पीड़ा देने वाली रस्म को निभाते हुए दिखाया गया है। हरे-भरे नजारों के बीच, यह सीन राम के सफर और इस महाकाव्य के बीच में मौजूद भावनात्मक पलों की एक शांत और बेहद गहराई से महसूस होने वाली झलक पेश करता है। मेकर्स ने पोस्टर्स शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर कैप्शन में लिखा है:

'वादे से बंधा हुआ पिता।
कर्तव्य से बंधा हुआ बैटा।

दोनों में से किसी को नहीं पता था कि यह विदाई उनकी आखिरी विदाई होगी। '

रोहिन जोशी को चंडीगढ़ पसंद है



रोहिन जोशी, 'गंगा माई की बेटियां' में मुरली का रोल निभा रहे हैं, मोहाली के बाहरी इलाके में शो की शूटिंग कर रहे हैं। हालांकि शो की कहानी वाराणसी के पास एक गांव पर आधारित है और उनका किरदार प्रयागराज का है, फिर भी एक्टर को शूटिंग के दौरान चंडीगढ़ और उसके आसपास काफी समय बिताने का मौका मिला है। शहर की हरियाली और पैदल घूमने की सुविधा का आनंद लेने से लेकर वीगन-फ्रेंडली खाने के ऑप्शन खोजने तक, रोहिन ने मुंबई से दूर अपने समय का भरपूर आनंद लिया है।रोहिन कहते हैं, 'हम मोहाली के बाहरी इलाके में रहते हैं और शूटिंग करते हैं। चंडीगढ़ सेट से लगभग 45 मिनट की ड्राइव पर है। लेकिन पिछले एक साल में मैं कई बार चंडीगढ़ गया हूं। भारत का पहला नियोजित शहर होने के नाते, यह बहुत अच्छी तरह से बनाए रखा गया है, साफ-सुथरा है और शायद उत्तर भारत में मेरे द्वारा देखे गए सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है।

8 घंटे में एम्स डॉक्टरों की टीम ने पुरुष को बना दिया महिला !


मप्र में पहली बार सरकारी अस्पताल में जेंडर अफर्मिंग बाटम सर्जरी

पांच और मरीज भी सर्जरी के लिए पहुंचे

भोपाल,आरएचएम। करीब आठ घंटे में एक पुरुष की पहचान बदल गई और वह अब महिला के रूप में जाना जाएगा! जानकारी के मुताबिक भोपाल एम्स में डॉक्टरों की एक टीम ने करीब आठ घंटे के जटिल ऑपरेशन यानि जेंडर-अफर्मिंग बॉटम (लिंग परिवर्तन) सर्जरी की इसके तहत जन्म के समय पुरुष के रूप में पहचाने गए एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति के जननांगों की संरचना में बदलाव किया गया। एम्स का दावा है कि प्रदेश के किसी सरकारी अस्पताल में इस तरह की यह पहली सर्जरी है। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति संतोषजनक है,उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। खास बात यह है कि अब पांच अन्य मरीज भी ऐसी सर्जरी के लिए एम्स पहुंच चुके हैं।

इस ऑपरेशन में पुरुष जननांगों की संरचना बदलकर महिला जननांगों जैसी संरचना का पुनर्निर्माण किया गया। जानकारी के मुताबिक सर्जरी में चार विभागों के विशेषज्ञ शामिल रहे। डॉक्टरों





का कहना है कि जेंडर-अफर्मिंग बॉटम सर्जरी का उद्देश्य व्यक्ति की शारीरिक बनावट को उसकी लैंगिक पहचान के अनुरूप बनाने में मदद करना है। हालांकि, हर ट्रांसजेंडर व्यक्ति के लिए सर्जरी जरूरी नहीं होती।

इसका फैसला व्यक्ति की इच्छा, सहमति और चिकित्सकीय आकलन के आधार पर होता है। ऐसी सर्जरी के बाद संक्रमण, रक्तस्राव, घाव भरने में देरी और पेशाब संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। इसलिए नियमित फॉलोअप और चिकित्सकीय निगरानी जरूरी है। एम्स डायरेक्टर डॉ. नरेंद्र कोतवाल का कहना है कि सर्जरी बेहतर इलाज की सुविधाओं और हर व्यक्ति को सम्मान के साथ स्वास्थ्य सेवाएं देने की हमारी सोच को दर्शाती है।

बताया जाता है कि एम्स में सर्जरी का नेतृत्व बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. मनाल खान और सहायक प्राध्यापक डॉ. अभिनव सिंह ने किया। एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. अनुज जैन, स्त्री रोग विभाग के डॉ. अरुण कुमार डोरा और यूरोलॉजी विभाग के डॉ. देवाशीष कौशल ने सहयोग किया। ऑपरेशन में रेजिडेंट डॉक्टर भी शामिल रहे। जानकारों का कहना है कि लैंगिक पहचान जन्म के समय निर्धारित लिंग से अलग हो सकती है। कुछ मामलों में जन्मजात शारीरिक भिन्नता भी पाई जाती है लिहाजा हार्मोनल और जेनेटिक जांच के आधार पर इलाज तय होता है। सर्जरी के बाद हार्मोन थेरेपी और कुछ मामलों में आईवीएफ विकल्प हो सकता है।

उल्लेखनीय है कि एम्स भोपाल में ट्रांसजेंडर विलनिक भी संचालित हो रहा है। यहां ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को उनकी जरूरतों के अनुरूप जांच, परामर्श और उपचार होता है। चूंकि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को कई बार उपयुक्त विशेषज्ञों तक पहुंचने, सही जानकारी प्राप्त करने और बिना भेदभाव के चिकित्सा सेवाएं हासिल करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है लिहाजा विशेष विलनिक की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

मतदाता सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित हो: कांग्रेस

भोपाल। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय मे मतदाता सूची से संबंधित विषयों पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से जे.पी. धनोपिया, प्रभारी चुनाव आयोग कार्य, एवं ललित सेन, प्रभारी मतदाता सूची के नेतृत्व में मतदाता सूची के पुनरीक्षण एवं विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया में सामने आ रही विसंगतियों और मतदाताओं की समस्याओं को लेकर महत्वपूर्ण आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए। मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियाद है। इसकी प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और पात्र मतदाताओं के मताधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित करना निर्वाचन आयोग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया को सरल बनाने के नाम पर यदि पात्र मतदाताओं के नाम छूट रहे हैं, तो यह गंभीर चिंता का विषय है।

त्योहारों का सीजन शुरू,मावा-पनीर की होगी औचक जांच,डेयरियों पर नजर

मिलावटी सामान की बिक्री पर कड़ी निगाह



भोपाल आरएचएम। खाद्य सामग्री में मिलावट पर अंकुश के लिये प्रशासन फिर सतर्क व सक्रिय हो गया है। चूंकि नवरात्र के साथ फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो गई है लिहाजा बाजार में मिलावटी मावा और पनीर बिकने की आशंका ज्यादा है। इसके चलते राजधानी में अब फूड सेफ्टी अमला मिठाई दुकान और डेयरियों की जांच करेगा। बस और ट्रेनों पर भी नजर रखी जाएगी। पिछले साल ग्वालियर, अहमदाबाद के रास्ते भोपाल आया मावा-पनीर जब्त किया गया था।

बाजार के कारोबारियों का भी कहना है कि दशहरा, नवरात्र के चलते बाजार में दुग्ध उत्पादों व मिठाईयों की मांग तेजी से बढने लगी है और यह अब दीवाली तक ऐसी ही पीक पर रहेगी। इसके चलते खाद्य व ओषधि प्रशासन की टीम अलर्ट मोड पर है। मिलावटी या नकली होने की आशंका के चलते खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। फूड सेफ्टी ऑफिसर शिवराज पावक ने बताया कि पूरे सीजन टीमें नजर रखेंगी और कार्रवाई करेंगी। यह टीम भोपाल की बड़ी मिठाई और डेयरियों पर अचानक पहुंचेंगी। इस दौरान सैंपल लिए जाएंगे और जांच के लिए लैब भेजे जाएंगे। मिलावटी या खराब होने पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।

त्योहारी सीजन पर मांग को देखते हुए बड़े पैमाने पर मावा और पनीर की खपत पूरा करने के लिये ग्वालियर, भिंड, मुरैना समेत कई जिलों से मावा भोपाल आता है। कई बार अमानक मावा की खपत भी होती है। जिस वजह से खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम कार्रवाई में जुटी रहती है। प्रदेश के बाहर से भी मावा आता है। हाल में सरकार ने एनालाग पनीर पर भी बैन लगाया है इसके अलावा नमकीन और अन्य सामग्री भी प्रशासन की नजर में हैं।

प्रहलाद और राधा ने भाजपा कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं

भोपाल। मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं मंत्री राधा सिंह ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं एवं सुझावों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जिन प्रकरणों में विभाग की कार्रवाई आवश्यक है, उन्हें शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। पटेल ने कहा कि कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्राप्त जनसमस्याओं का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर उसके समाधान का प्रयास किया जाएगा। आमजन की जनसमस्याओं का समाधान और उन्हें शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित करना मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल के नेतृत्व में संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

बिजली कटौती पर किसान संघ ने दिया सरकार को अल्टीमेटम

हालात नहीं सुधरे तो बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी

भोपाल, आरएचएम। बिजली कटौती फिर सरकार के लिये सिरदर्द बन रही है इसके अलावा खाद-बीज की कमी, सूखे जैसे हालात और फसलों की खरीदी को लेकर भी सुर उठने लगे हैं। उधर भारतीय किसान संघ ने सरकार को दशहरे तक का अल्टीमेटम दे डाला है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं का जल्द निराकरण करे, नहीं तो संघ बड़ा आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि संघ बातचीत के जरिए समस्याओं का समाधान चाहता है, लेकिन मुख्यमंत्री से चर्चा के लिए लगातार संपर्क करने के बावजूद अब तक जवाब नहीं मिला है। आंजना ने कहा कि दीपावली नजदीक है, लेकिन किसान बिजली, पानी, खाद और बीज के लिए परेशान हैं। गांवों में अघोषित बिजली कटौती हो रही है। रात 10:30 बजे बिजली काट दी जाती है, जबकि यह लोगों के सोने का समय होता है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बुजुर्गों और परिवारों को परेशानी हो रही है।

किसान नेता ने कहा कि कहा कि बिजली कटौती का मुद्दा कैबिनेट में मंत्री भी उठा चुके हैं, लेकिन हालात नहीं सुधरे। अब हम मुख्यमंत्री से वार्ता के लिए लगातार संपर्क कर रहे हैं। संघ बातचीत से ही समाधान का इच्छुक है, इसीलिये सरकार को दशहरे तक का समय दिया जा रहा है। इसके बाद आंदोलन किया जाएगा।



आंजना ने दावा किया कि आंदोलन में आम जनता भी किसानों का साथ देगी। आंजना ने कहा कि किसान की आवाज ही भारतीय किसान संघ की आवाज है। किसान जो मांग करेगा, संघ उसी का समर्थन करेगा। किसानों की मांग है कि जिन फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित है, उनकी खरीदी उसी दर पर हो। उन्होंने सवाल किया कि जब सरकार समर्थन मूल्य घोषित कर चुकी है, तो भावांतर योजना की जरूरत क्यों पड़ रही है। उनके मुताबिक, भावांतर की व्यवस्था केवल उन फसलों के लिए होनी चाहिए, जिनका समर्थन मूल्य घोषित नहीं है। किसान संघ के प्रदेशाध्यक्ष ने दावा किया कि प्रदेश के 20 से 22 जिलों में सूखे जैसी स्थिति है।

ऐशबाग अंडरब्रिज बंद होने का मामला जनसुनवाई में पहुंचा



भोपाल, आरएचएम। राजधानी स्थित ऐशबाग अंडरब्रिज बंद होने से आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इसे लेकर मंगलवार को कई लोग जनसुनवाई में पहुंचे कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में लोग कलेक्टोरेट पहुंचे। जनसुनवाई में अवगत कराया कि ऐशबाग अंडरब्रिज बंद होने के कारण स्थानीय रहवासियों, व्यापारियों, यात्रियों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी हो रही है। पहले कुछ ही सेकंड में लोग इधर से उधर चले जाते थे, लेकिन अब यह सफर मिंटों और करीब तीन किलोमीटर लंबा हो गया है। मुख्य मार्गों पर दिनभर लंबा ट्रैफिक जाम लगा रहता है। इससे सफर लंबा हो गया है। एडीएम सुमित पांडे को आवेदन भी सौंपा गया।लोगों ने एडीएम को बताया कि प्रशासन द्वारा सुझाया गया वैकल्पिक मार्ग बेहद संकरा और जर्जर हालत में है। यह भारी यातायात का दबाव झेलने में पूरी तरह असमर्थ साबित हो रहा है। व्यस्त समय में स्कूल बसों और एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं का फंसना बेहद चिंताजनक स्थिति पैदा कर रहा है। इसके साथ ही क्षेत्र के स्थानीय व्यापार पर भी इसका गंभीर नकारात्मक असर पड़ा है। उन्होंने एडीएम से मांग की कि ऐशबाग अंडरब्रिज से संबंधित कार्य को युद्धस्तर पर पूर्ण कर इसे यथाशीघ्र यातायात के लिए खोला जाए। जब तक ब्रिज पूरी तरह चालू नहीं होता, तब तक वैकल्पिक मार्ग 90 डिग्री ब्रिज पर बैरिकेटिंग हटाकर उसे चालू किया जाए। हादसा न हो, इसलिए ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात हो। समस्या का हल नहीं निकला तो भूख हड़ताल करेंगे। इस मौके पर पूर्व पार्षद महमूद अनवर गुड्डू, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित खत्री, सैयद अलमास अली, दीपक दीवान, प्रिंस नवांगे, तारिक अली, मोहम्मद आमिर, अनस उर रहमान, संदीप सरवैया, अमजद लाला, शानू खान, मनोज बाथम, दिनेश माली आदि मौजूद थे। कलेक्टोरेट में हुई जनसुनवाई में कुल 130 आवेदन पहुंचे। इस मौके पर भोपाल निवासी दिव्यांग प्रकाश शाक्य को ट्राइसिकल वितरित की गई। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा समेत अन्य अधिकारियों ने समस्याओं को सुना।

राजधानी में बढ़ी बिजली की मांग ट्रांसमिशन लाइनों की क्षमता बढ़ेगी

पुराने लाइन कॉरिडोर का ही उपयोग



भोपाल, आरएचएम। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि पावर ट्रांसमिशन कंपनी अब राजधानी की बढ़ती विद्युत मांग के अनुरूप पारेषण व्यवस्था को सक्षम बनाने के लिए एचटीएलएस कंडक्टर तकनीक से ट्रांसमिशन लाइनों की क्षमता बढ़ा रही है। खास बात यह है कि मप्र में पहली बार इसी तकनीक का उपयोग 400 केवी सबस्टेशन सुखी सेवनिया से 220 केवी सबस्टेशन गोविंदपुरा भोपाल तक की ट्रांसमिशन लाइन में किया गया था। इस लाइन के बदलने से भोपाल शहर की पारेषण व्यवस्था को लाभ मिला है। लिहाजा अब भोपाल से अमरावद खुर्द तक के सर्किट की क्षमता उन्नयन का कार्य भी किया जा रहा है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि राजधानी भोपाल में विद्युत मांग बढ़ने के साथ मौजूदा पारेषण नेटवर्क की क्षमता बढ़ाना आवश्यक है। घनी आबादी वाले क्षेत्रों में नई ट्रांसमिशन लाइन के लिए कॉरिडोर विकसित करने और राइट ऑफ वे प्राप्त करने में व्यावहारिक कठिनाइयां आती हैं। ऐसे में मौजूदा लाइन कॉरिडोर का उपयोग करते हुए एचटीएलएस तकनीक से पारेषण क्षमता बढ़ाना एक उपयोगी विकल्प है। एमपी ट्रांसको द्वारा 132 केवी डीसीडीएस भोपाल-अमरावद खुर्द लाइन के सर्किट में मौजूदा एसीएसआर पैंथर कंडक्टर को समतुल्य एचटीएलएस कंडक्टर से बदलने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही कई फीडर-बे की क्षमता का उन्नयन हो रहा है। इससे लाइन और सबस्टेशन के संबंधित हिस्सों को बढ़ी हुई पारेषण क्षमता के अनुरूप सक्षम बनाने में मदद मिलेगी। दरअसल, एचटीएलएस कंडक्टर उच्च तापमान पर भी अपेक्षाकृत कम सैग के साथ अधिक करंट वहन करने में सक्षम होते हैं। इससे मौजूदा ट्रांसमिशन कॉरिडोर का बेहतर उपयोग करते हुए पारेषण क्षमता बढ़ाई जा सकती है।

डॉक्युमेंट्री 'मैं निदा' का प्रदर्शन आज

भोपाल। पद्मश्री निदा फाज़ली के जीवन और साहित्यिक योगदान पर बनी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (रजत कमल) से सम्मानित डॉक्यूमेंट्री 'मैं निदा' का प्रदर्शन आज शाम 5.30 बजे रंगश्री लिटिल थैले टरुप, श्यामला हिल्स में होगा। मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद एवं संस्कृति विभाग द्वारा 'कलम की रोशनी' के तहत आयोजित कार्यक्रम में संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी मुख्य अतिथि होंगे।

अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव : लक्ष्मण परशुराम संवाद को मंच पर किया जीवंत



भोपाल, आरएचएम। अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव के दूसरे दिन असम की 15वीं शताब्दी की समृद्ध सत्रिया नृत्य शैली में भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास और संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय उत्सव में सत्रिया केंद्र, गुवाहाटी के कलाकारों ने 'श्रीराम पर्व' नृत्य-नाटिका के माध्यम से अहल्या उद्धार, पुष्प वाटिका, सीता स्वयंवर और लक्ष्मण-परशुराम संवाद को मंच पर जीवंत किया। करीब 90 मिनट की प्रस्तुति में नृत्य, संगीत, अभिनय और संवादों का संगम देखने को मिला।

नृत्य-नाटिका की शुरुआत अहल्या उद्धार के प्रसंग से हुई। इसके बाद मिथिला की पुष्प वाटिका में श्रीराम और सीता की पहली भेंट, सीता स्वयंवर में शिव धनुष भंग और फिर परशुराम-लक्ष्मण संवाद का मंचन किया गया। प्रस्तुति में श्रीराम की विनम्रता, मर्यादा, धैर्य और धर्म के प्रति प्रतिबद्धता को कलात्मक ढंग से दर्शाया गया। उत्सव के दूसरे दिन अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक सम्मेलन में रामायणकालीन पारिस्थितिकी तंत्र, लोककथाओं में श्रीराम और आदर्श नेतृत्व एवं सुशासन जैसे विषयों पर विचार रखे गए। ऑस्ट्रेलिया से आई शोधकर्ता मित्रा देसाई ने रामायण के भौगोलिक साक्ष्यों और अपनी शोध यात्रा के संदर्भ में विचार व्यक्त किए। सत्र की अध्यक्षता कर रहे पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित ने कहा कि रामकथा को गहराई से समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रामलीला अब वैश्विक स्वरूप ले चुकी है और दुनिया के अनेक हिस्सों में अलग-अलग रूपों में मंचित होती है।

इनोवेशन हैकाथॉन में अब निवेशकों को भी बुलाया जाएगा

ग्लोबल स्किल्स पार्क के आयोजन का समापन



भोपाल, आरएचएम। मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने कहा कि आइडिया एंड इनोवेशन हैकाथॉन में उद्योगपतियों को जरूर बुलाना चाहिए और युवाओं से उनका संवाद भी कराना चाहिए। इससे युवा उनसे सीखकर स्टार्टअप शुरू करने और उद्योगों से जुड़ने के अवसर पा सकेंगे। वे रोजगार पाने के साथ दूसरों को रोजगार देने में भी सक्षम हो सकेंगे। बर्णवाल ने संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में आयोजित दो दिवसीय एमपी ऑनलाइन आइडिया एंड इनोवेशन हैकाथॉन के समापन समारोह में कही।

एमपी ऑनलाइन लिमिटेड ने 'इनोवेट फॉर मध्यप्रदेश, बिल्ड फॉर विकसित भारत' थीम पर हैकाथॉन आयोजित किया। इसमें देश के विभिन्न राज्यों के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के 1 हजार से अधिक विद्यार्थियों और 300 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को वास्तविक चुनौतियों के लिए तकनीक आधारित, व्यावहारिक और नवाचार पूर्ण समाधान विकसित करने का मंच देना था। हैकाथॉन में रोजगार एवं करियर की तैयारी, स्मार्ट डिजिटल कैपस, एआइई आधारित परीक्षा एवं ऑन-स्क्रीन मूल्यांकन, ग्रामीण उच्च शिक्षा में डिजिटल समावेशन, नागरिक-केंद्रित सार्वजनिक सेवाओं और विश्वसनीय ऑनलाइन मूल्यांकन जैसे छह विषयों पर समाधान आमंत्रित किए गए। प्रतियोगिता टेक्निकल और नॉन-टेक्निकल, दो श्रेणियों में हुई। पहले दिन विशेषज्ञ जूरी के सामने 30 चयनित टीमों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इनमें से 10 टीमों ने फाइनल में जगह बनाई। समापन समारोह में मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने फाइनल में पहुंची टीमों से संवाद किया। उन्होंने युवाओं को समाज के हित में उपयोगी और प्रभावी नवाचार विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने हर साल ऐसे हैकाथॉन आयोजित करने और भविष्य में निवेशकों को जोड़ने का सुझाव दिया, ताकि प्रतिभाशाली युवाओं के विचारों के प्रोटोटाइप को व्यावहारिक समाधानों में बदला जा सके।

टेक्निकल ट्रैक में भोपाल की टीम प्रथम

टेक्निकल ट्रैक में भोपाल की टीम एक्सिऑम फोर ने प्रथम पुरस्कार जीता। टीम को 1 लाख रुपए दिए गए। उदयपुर की टीम वेरोनिक्स ने 75 हजार रुपए के साथ दूसरा और इंदौर की टीम रनटाइम टेरर्स ने 50 हजार रुपए के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। नॉन-टेक्निकल ट्रैक में भोपाल की टीम जेनएक्स ने 50 हजार रुपए के साथ पहला पुरस्कार जीता। भोपाल की ही टीम एडुरीच डिजिटल को 35 हजार रुपए के साथ दूसरा और टीम मार्गदर्शक को 25 हजार रुपए के साथ तीसरा पुरस्कार मिला। सभी विजेता टीमों को ट्रॉफी भी प्रदान की गई।

विधिक जागरूकता शिविर में शिक्षकों का सम्मान



भोपाल, आरएचएम। कानून की जानकारी अधिकारों की रक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम है। इसी उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मंगलवार को निशातपुरा और ईंटखेड़ी में विधिक जागरूकता शिविर लगाए गए। संदीपनी विद्यालय, ग्राम पंचायत भवन और हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित इन शिविरों में विद्यार्थियों और ग्रामीणों को कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।

शिक्षण कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए संदीपनी विद्यालय के कांति जैन, किरण बुधवानी, ग्रामसेवक उपाध्याय, रश्मि सिंह चौहान, मांडवी जायसवाल, विकास बुधकर, राकेश श्रीवास्तव और भूपेंद्र सिंह को न्यायाधीश सुनीत अग्रवाल ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट, सरपंच हरिसिंह सैनी, प्राचार्य आरसी जैन, हेडमास्टर लक्ष्मी गौर, प्रिंसिपल संजय तोमर, सचिव अंतिम साहू और एडवोकेट तेज सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और छात्राओं ने भाग लिया।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com